वर्ष 24, अंक 253, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 23 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ते खतरे पर पीएम मोदी की बड़ी बैठक

### ऊर्जा सुरक्षाके लिए बना 'मास्टरप्लान'



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत की स्थिति की समीक्षा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में पेट्रोल, कच्चा तेल, गैस, बिजली और खाद जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई को बिना किसी रुकावट के जारी रखना है।

प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि वह वैश्विक हालातों पर नजर रखते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

गैस और ईंधन की किल्लत दूर करने के लिए कड़े कदम

देश में घरेलू छढक्ष्र सिलेंडरों की सप्लाई को सामान्य बनाए रखने के लिए सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं। घबराहट में की जाने वाली बुकिंग में अब कमी आई है। सरकार ने राज्यों के लिए कमर्शियल गैस का कोटा बढ़ा दिया है, जिसमें अस्पताल और शिक्षण संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है।

साथ ही, घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को नए पाइप वाली गैस कनेक्शन देने में तेजी लाने की सलाह दी गई है। गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए देशभर में लगातार छापेमारी की जा रही है। राहत की बात यह है कि अमेरिका के टेक्सास से रसोई गैस लेकर एक बड़ा जहाज मंगलुरु बंदरगाह पहुंच चुका है, जिससे सप्लाई में सुधार होगा।

समुद्री रास्तों पर तनाव

यह समीक्षा बैठक ऐसे समय में हुई है जब होर्मु जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों पर युद्ध के कारण तनाव चरम पर है। 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से इलाके में संघर्ष काफी बढ़ गया है, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर पड़ा है।

औद्योगिक डीजल की कीमतों में 25 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है और यह 109.59 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है।

हालांकि, जहाजरानी मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी 22 भारतीय जहाज और 611 नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। सरकार ने दोहराया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देश की आर्थिक स्थिरता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सत्ता के शीर्ष पर 8931 दिन! पीएम मोदी ने तोड़ा पवन चामलिंग अभिलेख

### बने नंबर-1 लीडर



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसे मील का पत्थर माना जा रहा है। वे भारत में किसी भी चुनी हुई सरकार के प्रमुख के रूप में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में 8,930 दिनों तक सेवा दी थी।

अब पीएम मोदी के कार्यकाल के 8,931 दिन पूरे हो गए हैं, जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी भूमिका शामिल है। नेतृत्व की भूमिका में यह उनका 25वां वर्ष है, जो उनकी निरंतर जनसेवा और मजबूत राजनीतिक पकड़ को दशार्ता है।

रिकॉर्ड्स की लंबी फेहरिस्त

पीएम मोदी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। वे गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रहे हैं और उनके पास मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का सबसे लंबा अनुभव रखने वाले प्रधानमंत्री होने का गौरव भी प्राप्त है। वे आजादी के बाद पैदा होने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। साल 2014, 2019 और अब 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी लगातार तीन जीतें उनके प्रति जनता के अटूट भरोसे को साबित करती हैं।

उन्होंने 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात की कमान संभाली थी और करीब 13 साल तक राज्य का नेतृत्व करने के बाद 26 मई 2014 को देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वे पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आने वाले और दो कार्यकाल पूरे कर तीसरी बार लौटने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता भी बन गए हैं।

डिजिटल दुनिया के किंग

राजनीति के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का कोई मुकाबला नहीं है। इसी महीने उनके यूट्यूब चैनल पर सब्सक्राइबर्स की संख्या 3 करोड़ (30 मिलियन) को पार कर गई है, जिससे वे दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले ग्लोबल लीडर बन गए हैं। सब्सक्राइबर्स के मामले में वे वर्तमान और पूर्व, दोनों तरह के राष्ट्राध्यक्षों से कोसों आगे हैं।

## आप हैं दिल्ली के गौरव- सीएम रेखा



**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मुख?यमंत्री जनसेवा सदन' में आयोजित ह्लदिल्ली के गौरव UPSC Achievers Felicitation Ceremony 2026" में सिविल सेवा परीक्षा 2026 के सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया,. इस अवसर पर उन्होंने मेधावियों के समर्पण की सराहना की और उन्हें देश की सेवा के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों ने अपनी अथक मेहनत और अडिग संकल्प से दिल्ली का मान बढ़ाया है.

इसको लेकर सीएम रेखा गुप्ता ने अपने एक्स पर सिविल सेवा के टॉपर्स को सम्मान में पोस्ट और पोटोज शेयर की. सीएम ने छात्रों के संघर्ष और उनके परिवारों के योगदान की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि यह सफलता दिल्ली की शिक्षा और अवसर संस्कृति को दशार्ती है.

रेखा गुप्ता ने क्या कहा?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उट रेखा गुप्ता ने लिखा कि 'अपनी अथक मेहनत और अडिग संकल्प से हमारे युवाओं ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल कर दिल्ली का मान बढ़ाया है. मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में ह्लदिल्ली के गौरव – UPSC Achievers Felicitation Ceremony 2026" में इन प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया।

## दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी!

### सीएम रेखा ने की केंद्रीय मंत्री नड्डा से मुलाकात



**नई दिल्ली**

**देश** की राजधानी दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम पहल देखने को मिली है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की. इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुलभ, मजबूत और जन-केंद्रित बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई. दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि आम लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बेहद जरूरी है.

योजनाओं की समीक्षा और सुधार पर जोर - बैठक में जनहित से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई. इस दौरान यह विचार किया गया कि इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी तरीके से कैसे लागू किया जा सकता है. खास तौर पर अस्पतालों की सुविधाओं को मजबूत करने, मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर चर्चा हुई. दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना समय की जरूरत है.

केंद्र-राज्य समन्वय से होगा सुधार- सीएम रेखा

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया को बताया कि उनकी सरकार दिल्ली के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. सीएम रेखा ने कहा कि हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

## दिल्ली के महिपालपुर में LPG की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 74 सिलेंडर के साथ 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

ईरान - अमेरिका, इजराइल के बीच चल रहे युद्ध के चलते बाजार में जरूरी वस्तुओं की सप्लाई पर असर पड़ रहा है. जिसका फायदा उठाते हुए दिल्ली के महिपालपुर इलाके में LPG सिलेंडर की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी का बड़ा खेल, खेला जा रहा था. जिसका साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की अअळर टीम ने पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ उनके कब्जे से भारी मात्रा में सिलेंडर एवं उपकरण बरामद करने में कामयाबी पाई है.

डीसीपी अमित गोयल के मुताबिक, साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की अअळर टीम को इलाके में छढक्ष्र सिलेंडर की अवैध गतिविधियों की लगातार सूचना मिल रही थी. 21 मार्च को महिपालपुर स्थित एक ठिकाने पर जमाखोरी की सटीक जानकारी मिलने के बाद टीम ने तुरंत छापा मारा.

इस ऑपरेशन का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम कुमार ने किया, जबकि पूरी कार्रवाई अउढ ऑप्स संगमित्रा की निगरानी में की गई।

## खल्लारी मंदिर में 1 की मौत, 17 घायल



**छत्तीसगढ़**

**छत्तीसगढ़** के महासमुंद जिले से एक बेहद दुखद खबर आई है, जहां प्रसिद्ध खल्लारी माता मंदिर में रविवार को रोपवे का केबल टूट गया। नवरात्रि के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी, तभी अचानक हुए इस हादसे में एक महिला की जान चली गई और 17 लोग घायल हो गए। जमीन से लगभग 3,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पहाड़ी मंदिर में हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। चश्मदीदों के मुताबिक, केबल टूटने से रोपवे की केबिन नीचे गिर गई, जिससे उसमें सवार यात्री गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

राहत कार्य

प्रशासन ने पुष्टि की है कि हादसे में घायल हुए 17 लोगों में से 5 की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। अन्य घायलों का स्थानीय अस्पतालों में प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

नवरात्रि के दौरान इस लोकप्रिय धार्मिक स्थल पर सुरक्षा के दावों के बीच हुए इस हादसे ने श्रद्धालुओं को झकझोर कर रख दिया है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिया था।

सुरक्षा और रखरखाव पर उठे गंभीर सवाल

रोपवे जैसे संवेदनशील साधन के अचानक टूटने से मंदिर प्रबंधन और सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह हादसा किसी तकनीकी खराबी की वजह से हुआ या फिर रखरखाव में लापरवाही बरती गई थी।

### अखिलेश यादव ने किया ऐलान

## सपा सरकार में गरीब महिलाओं को मिलेगी 40 हजार की पेंशन



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी सरगर्मियां बढ़ गई हैं. इसी क्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार (22 मार्च) को महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कई ऐलान किए. लखनऊ में समाजवादी पार्टी कार्यालय सभागार में महिलाओं का सम्मान भी किया गया. इस दौरान अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि अगर 2027 में समाजवादी सरकार आएगी तो महिलाओं को 40 हजार रुपये पेंशन देंगे.

फसल बदलनी है तो बीज बदलने होंगे- अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, "फसल बदलनी है तो बीज बदलने होंगे. स्त्री के प्रति जब मूलभूत मानसिक बीज बदलेंगे तभी उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में बदलाव आएगा. इसी संदर्भ में ह्यमालती देवी-मूर्ति देवी महिला सम्मान समारोहह्ल के माध्यम से हमने उन महिलाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने का प्रयास करा है जिनकी प्रतिभा, हिम्मत और सद्प्रयासों से नारी का सशक्त रूप उभर कर आया है."

'हर बच्ची, महिला को मजबूत करने के लिए योजना लाएंगे'

उन्होंने कहा, "हम ढऊअ में शामिल ह्यअह्ल मतलब ह्यआधी आबादीह्ल अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने और अपने पैरों पर खड़े होने व उन्हें समृद्ध करने के लिए ह्यस्त्री सम्मान-समृद्धि योजनाह्ल लाएंगे और ह्यउप्र की संपूर्ण उन्नतिह्ल के अपने संकल्प को निभाएंगे." लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, "अगर समाज देश को देखना हो तो वहां की महिलाओं की स्थिति पता लग जाये तो इससे सब पता चल जायेगा. नेता जी ने कन्या विद्या धन योजना की शुरूआत की थी. आगे जब मौका मिलेगा तब पहले से बेहतर योजना लाने का काम करेंगे।

## दिल्ली में ट्रैफिक चेकिंग के दौरान हादसा, कार के बोनट पर लटका ट्रैफिक पुलिसकर्मी

**जनकपुरी**

**पश्चिमी** दिल्ली के जनकपुरी इलाके में शनिवार (21 मार्च) को ट्रैफिक चेकिंग के दौरान एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए. एक कार ड्राइवर ने रुकने के बजाय ट्रैफिक पुलिसकर्मी को ही अपनी गाड़ी के बोनट पर घसीट लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

जानकारी के अनुसार, जनकपुरी स्थित सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के पास ट्रैफिक पुलिस नियमित रूप से ड्रंकन ड्राइविंग चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान एक संदिग्ध सेंट्रो कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन ड्राइवर ने नियमों का पालन करने के बजाय मौके से भागने की कोशिश की.

बोनट पर लटकता रहा पुलिसकर्मी, फिर सड़क पर गिरा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही पुलिसकर्मी ने कार को रोकने की कोशिश की, चालक ने अचानक गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी. इस दौरान पुलिसकर्मी कार के बोनट पर लटक गया और कुछ दूरी तक ऐसे ही घसीटा जाता रहा. संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर गिर गया और गाड़ी की चपेट में आकर जख्मी हो गया.

राहगीरों की मदद से रोकी गई कार

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाई और किसी तरह कार को रुकवाया. घायल पुलिसकर्मी को तुरंत सहायता पहुंचाई गई. वहीं, मौके पर मौजूद एक शख्स ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया।

## ईशान किशन कप्तान, हेड-अभिषेक करेंगे ओपन, IPL 2026 में ऐसी दिख सकती है SRH की बेस्ट प्लेइंग इलेवन

**हैदराबाद**

**11: 28** मार्च को जब सनराइजर्स हैदराबाद क्ढछ 2026 का सबसे पहला मैच खेलने मैदान में उतरेगी, तो उसके बल्लेबाज पिछले सीजनों की तरह तूफानी स्ट्राइक रेट को कायम रखना चाहेंगे. अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे सितारों से सजी ये टीम विस्फोटक बैटिंग स्टाइल के लिए फेमस है. अब दिग्गज ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन भी हैदराबाद टीम के साथ जुड़ गए हैं.

सनराइजर्स हैदराबाद एक बार चैंपियन (2016) बनी है और आखिरी बार 2024 के फाइनल में पहुंची थी. अगर उसी प्रदर्शन को दोहराना है तो जान लीजिए रफ्ऌ के लिए कौन सा प्लेइंग इलेवन कॉम्बिनेशन सबसे ज्यादा फायदेमंद रह सकता है.

रफ्ऌ की बेस्ट प्लेइंग इलेवन

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी सेट है. दोनों एक बार फिर 2024 वाले प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे जब रफ्ऌ की टीम लगातार पावरप्ले में ही 70-80 रन बना रही थी. नंबर-3 पर ईशान किशन होंगे, जो पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी कर रहे होंगे. किशन भी शानदार फॉर्म में हैं और टी20 वर्ल्ड कप 2026 में तीन अर्धशतक सहित 317 रन बनाकर आ रहे हैं।

## कैबिनेट विस्तार के बाद सीएम धामी ने किया विभागों का बंटवारा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का बहुप्रतीक्षित बंटवारा कर दिया है. हाल ही में पाँच नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद किए गए इस आवंटन में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रशासनिक विभाग अपने पास ही रखे हैं. अब तक मुख्यमंत्री के पास 35 से अधिक विभागों का दायित्व था.

जारी सूची के अनुसार मुख्यमंत्री सामान्य प्रशासन, गृह, कार्मिक, सतर्कता, नियुक्ति एवं प्रशिक्षण तथा सूचना एवं जनसंपर्क जैसे प्रमुख विभाग स्वयं देखेंगे. इन विभागों को शासन संचालन की रीढ़ माना जाता है, जिनके माध्यम से प्रशासनिक फैसलों और कानून-व्यवस्था पर सीधा नियंत्रण सुनिश्चित किया जाता है. वहीं, अन्य विभागों का बंटवारा मंत्रियों के बीच करते हुए उन्हें उनके-उनके दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि विभागीय कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके. सूत्रों के अनुसार इस नए बंटवारे से कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित होगा और विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारा जा सकेगा.

पाँच पद लंबे समय से थे खाली

हाल ही में मुख्यमंत्री ने कैबिनेट का विस्तार करते हुए विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है. दरअसल, मंत्रिमंडल में पाँच पद लंबे समय से रिक्त चल रहे थे, जिनमें तीन पद पहले से खाली थे, एक पद पूर्व मंत्री चंदन राम दास के निधन के बाद रिक्त हुआ था, जबकि एक पद प्रेम चंद अग्रवाल के इस्तीफे के कारण खाली हुआ. इन परिस्थितियों में संबंधित विभागों का दायित्व भी मुख्यमंत्री के पास ही था.



सीएम पुष्कर सिंह धामी के पास ये विभाग

मंत्रिपरिषद, कार्मिक एवं सतर्कता, सचिवालय प्रशासन, नियोजन, राज्य सम्पत्ति, सूचना, गृह, राजस्व, औद्योगिक विकास, औद्योगिक विकास (खनन), श्रम, पेयजल, ऊर्जा, आबकारी, न्याय, नागरिक उड्डयन, वित्त एवं आवास

नए मंत्रियों को मिले ये विभाग

खजान दास

समाज कल्याण

अल्पसंख्यक कल्याण

छात्र कल्याण

भाषा

भरत सिंह चौधरी

ग्राम विकास

लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम

खादी एवं ग्रामोद्योग

मदन कौशिक

पंचायतीराज

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास

आयुष एवं आयुष शिक्षा

पुनर्गठन

जनगणना

प्रदीप बत्रा

परिवहन

सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन

विज्ञान प्रौद्योगिकी

जैव प्रौद्योगिकी

राम सिंह कैड़ा

# फर्जी फर्म बनाकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, निवेश के नाम पर करता था धोखाधड़ी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र में फर्जी फर्म बनाकर लोगों से ठगी करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था।

पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गंगानगर जोन के अधिकारियों के पर्यवेक्षण में फूलपुर पुलिस टीम ने कस्बा फूलपुर स्थित ओवरब्रिज के पास से आरोपी को दबोच लिया।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उतरांव थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में प्रतापगढ़ जिले में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी फर्म बनाई थी और लोगों को अधिक ब्याज का लालच देकर निवेश के लिए प्रेरित करता था।

जांच में सामने आया कि आरोपी निवेशकों को फर्जी बॉन्ड पेपर देता था और कुछ समय बाद पैसे वापस नहीं करता था। इस संबंध में वर्ष 2017 में फूलपुर थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी और अमानत में खयानत जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना फूलपुर के उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर दुराचार का आरोप, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र की एक सोलह वर्षीय किशोरी को एक युवक डरा धमकाकर महीनों दुष्कर्म करता रहा । पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि जब बेटी गर्भवती हो गई तो आरोपी युवक गर्भपात कराने के लिए दबाव बनाने लगा। और जबरियन दवा दिया।दवा लेकर पीड़िता घर आयी और आप बीती बताई। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी युवक के पिता को उलहना देने गए तो वह गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। रविवार को पीड़िता को लेकर परिजन मऊआइमा थाना आए तथा तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक संदीप कुमार के खिलाफ दुष्कर्म, तथा उसके पिता राकेश कुमार के खिलाफ गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जिला पंचायत द्वारा निर्मित सड़क की दुर्दशा समाजसेवी ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई

अखंड भारत संदेश

**पसना।** कोरांव तहसील के बभनपट्टी ग्राम स्थित पूरा रुचई मोहल्ले में यादव बस्ती से धीरज मिश्रा के घर तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क की गिट्टियां उखड़ गई हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क लगभग आठ वर्ष पूर्व तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह के कार्यकाल में बनाई गई थी। निर्माण के बाद से आज तक इसका कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण वर्तमान में सड़क की हालत अत्यंत खराब हो गई है।

स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने अगस्त 2025 में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर सड़क की मरम्मत के लिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर जिला पंचायत ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया था कि बजट उपलब्ध होने पर सड़क की मरम्मत अति शीघ्र कर दी जाएगी।

हालांकि, कई बार शिकायत और आश्वासन के बावजूद विभाग ने



अभी तक सड़क की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया है। बभनपट्टी के पूर्व प्रधान हीरालाल मिश्र, क्षेत्र पंचायत सदस्य विवेक मिश्रा रिंकू और प्रधान प्रतिनिधि संजय तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष बीके सिंह से इस सड़क का शीघ्र पुनः निर्माण कराने की मांग की है।

## जल अर्पण दिवस पर जल जीवन मिशन का लोकार्पण बभनकुईयां गांव को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**सहसों।** विकास खंड सहसों के बभनकुइयां गांव में रविवार को जल अर्पण दिवस एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल, विशिष्ट अतिथि विधायक दीपक पटेल एवं एडीएम नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया और नारियल तोड़कर योजना का विधिवत लोकार्पण किया और ग्राम प्रधान को जल अर्पित करते हुए योजना का संचालन सौंपा। इस अवसर पर अतिथियों ने वृक्षारोपण भी किया और बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना को मात्र 12 माह की अवधि में एल एंड टी की टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। परियोजना के पूर्ण होने से ग्राम सभा बभनकुइयां के सैकड़ों परिवारों को अब शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति मिल सकेगी, जिससे ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाने की समस्या से राहत मिलेगी। अतिथियों ने कहा कि जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाना है। यह योजना ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी ने योजना की विस्तृत जानकारी दी, जबकि संचालन जिला समन्वयक अश्विनी श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, शिव नारायण सिंह गप्पू, टी.एन. सिंह, सहायक एवं अवर अभियंता, टीपीआई से व्रज्यवर्धन, एल एंड टी



कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर शुभंकर सिल, गोविन्दराजन, साहिदुल इस्लाम, प्रशांत मिश्रा, आकाश यादव, ग्राम प्रधान अशोक कुमार सहित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक सवार को पिकअप ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा नई बाजार मोहल्ले में एक पिकअप ने सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस पास के लोगों के सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को एस आर एन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

रविवार की शाम सरसेड़ी गांव निवासी शंकर लाल सोनकर 56 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद सोनकर व उसका बेटा मिथुन सोनकर 15 वर्ष मोटरसाइकिल से सरसेड़ी से जसरा बाजार की ओर जा रहा था। इसी समय एक पिकअप जसरा बाजार से बारा की ओर जा रही थी। जसरा नई बाजार मोहल्ले में पिकअप ने मोटरसाइकिल सवारों को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से शंकर लाल सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गया। शंकर लाल का दाहिना पैर तीन जगह से टूट गया। जब कि बांया कान फट गया है। वहीं साथ में बाइक पर बैठा मिथुन सोनकर पिकअप की टक्कर लगने से छिटक कर बाहर जा गिरा और वह बाल बाल बच गया। स्थानीय लोगों ने डायल 108 व डायल 112 को सूचना दी। थोड़ी देर में ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गई। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत में होने के कारण शंकरलाल सोनकर को प्राथमिक उपचार के बाद एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। वहीं पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। चौकी इंचार्ज गौहनिया अनुराग सिंह ने बताया कि घायल के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर अवस्था को देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में बाइक सवार को टक्कर मारने वाले पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## चौथी बार महानगर उपाध्यक्ष बने प्रमोद जायसवाल कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पजावा रामलीला कमेटी ग्राउंड में रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता गिरी शंकर प्रभाकर की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया और कार्यकताओं ने फूलमालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। प्रमोद जायसवाल को चौथी बार महानगर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मौजूद कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत



बनाने का संकल्प भी दोहराया।

कार्यक्रम में गिरी शंकर प्रभाकर, मनोज मिश्रा, गोपाल मालवीय, विष्णु त्रिपाठी, मो. सादमान सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

## सहसों बाजार में 'मकून्स किड्स अनप्लग्ड' प्री-स्कूल डे केयर सेंटर का शुभारंभ, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर





अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सहसों बाजार में मकून्स किड्स अनप्लग्ड संस्था द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्री-स्कूल डे केयर एक्टिविटी सेंटर की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने फीता काटकर केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक दीपक पटेल ने कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा, संस्कार और एक सशक्त व्यक्तित्व के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ खेलकूद की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। संस्था के प्रबंधक एवं अधिवक्ता शुभम केशरवानी ने बताया कि इस प्री-स्कूल में ढाई वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। यहां बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, संस्कार और व्यवहारिक ज्ञान के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे स्कूल जाने से पहले ही मानसिक और सामाजिक रूप से परिपक्व हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर पार्षद अरुण कुमार मिश्र ह्यपिंटूह्न, भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जय प्रकाश द्विवेदी, चंद्रधर द्विवेदी, कपिल सिंह पटेल, राजकुमार सिंह परिहार, डॉ. एस.बी. राव, डॉ. के.सी. पांडे, बाल गोविंद तिवारी, बालकृष्ण शुक्ल, शिव बाबू केसरवानी, प्रधान विष्णु केसरवानी, रामबाबू केसरवानी सहित विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शादीशुदा को दूसरे व्यक्ति से विवाह करने व लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शादी या लिव-इन रिलेशनशिप के लिए दो वयस्क इंसानों की सहमति जरूरी है। किसी को ऐसे दो वयस्कों की निजी स्वतंत्रता में दखल देने का अधिकार नहीं है। यह स्वतंत्रता पूर्ण या असीमित नहीं है, कुछ प्रतिबंधों के अधीन है। कोर्ट ने कहा विवाहित जीवन साथी के जीवित रहते उससे तलाक लिए बगैर किसी को तीसरे व्यक्ति के साथ शादी करने या लिव-इन रिलेशनशिप में रहने की कानूनी अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्हें अपनी वैध शादी के बाहर विवाह करने अथवा लिव-इन रिलेशनशिप में प्रवेश करने से पहले सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय से तलाक की डिक्री प्राप्त करनी होगी। पहली शादी के रहते कोई और विवाह करना जुर्म- यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने शांति देवी व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। कोर्ट ने पहले से शादीशुदा याची को दूसरे याची से लिव इन रिलेशनशिप में रहने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के हवाले से कहा- कोई अनव्याही संगिनी शादी जैसा रिश्ता नहीं रख सकती।

## राजपति सिंह स्मारक सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवेश परीक्षा आयोजित

अखंड भारत संदेश

**पसना।** ज्वाला देवी पसना विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा 22 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई। सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इस विद्यालय में यह पहला सत्र है। नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की थीं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कक्ष निरीक्षकों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रभाकर सिंह ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से योग्य



और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों और विद्यार्थियों के सहयोग के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

प्रवेश परीक्षा की निष्पक्षता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय के निदेशक श्री अवधराज सिंह, प्रबंधक श्री अशोक सिंह, समिति के अध्यक्ष श्री राम लाल सिंह, उपाध्यक्ष श्री तुलसी दास राणा और संरक्षक श्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया।

परीक्षा के उपरांत सभी विद्यार्थियों में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मिशन शक्ति टीम ने बेटियों एवं महिलाओं को किया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान द्वितीय चरण के तहत थाना सराय ममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज अंतर्गत मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम उप निरीक्षक मिताली सिंह, महिला कांस्टेबल सरोजनी, पुष्पलता एवं संगीता द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड



हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 आदि के बारे में जानकारी दी गई जिसमें साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराते हुए जागरूक किया गया।

## श्रीराम कथा पूरी तरह दिव्य और भव्य स्वरूप में आयोजित होगी : राधे मोहन पांडेय

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** 28 मार्च से 5 अप्रैल तक देवबरा धाम, पिपरी ग्राम सभा में अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्ध कथावाचक राजन महाराज की श्री राम कथा का शुभारंभ होगा। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले राजन महाराज की कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद है। कथा को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की विभिन्न टीमें सेवा भाव से अनवरत कथा के सफल आयोजन हेतु निमंत्रण पत्र बांट रहीं हैं। कार्यक्रम संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं व्यवस्थापक विकास पांडेय इलाहाबादी ने बताया कि श्रीराम कथा पूरी तरह दिव्य और भव्य स्वरूप में आयोजित होगी, राजन महाराज की



कथा सुनने के लिए प्रयागराज, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, बनारस, कौशांबी सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से एवं देश से विभिन्न महानगरों से श्रोता आएंगे। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तिगण अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निस्वार्थ भाव से कर रहे हैं। राजन महाराज की



कथा में कई बड़ी हस्तियां, जिनमें राजनेता, फिल्म अभिनेता और उद्योगपति भी उपस्थित रहेंगें। इसी क्रम में वाटर प्रूफ पंडाल लगकर तैयार हो गया है बिजली, पानी, ठहरने, भोजन, पार्किंग, प्रवेश द्वार सहित अन्य जरुरी सुविधाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है। कथा में राजन महाराज अपनी वाणी से अमृत वर्षा करेंगे, 28 मार्च को सुबह कलश यात्रा निकलेगी, श्रीराम कथा को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर राजन महाराज की श्रीराम कथा का आयोजन प्रयागराज जनपद में होने जा रहा है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उमंग और आस्था देखी जा रही है। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को लेकर नगर व क्षेत्र में प्रचार-प्रसार तेज कर दिया गया है। जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए जा रहे हैं तथा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होने की अपील की जा रही है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आकर्षक मंच सजावट, भव्य पंडाल, उत्कृष्ट साउंड सिस्टम तथा प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन में जगह-जगह पर फूलों से स्वागत हुआ

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस का पथ संचलन माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज से शुरू किया गया। यह पथ संचलन चैत्र नवरात्रि और वर्ष प्रतिपदा (हिंदू नव वर्ष) के अवसर पर हुआ। करीब 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने खाकी पेंट और सफेद शर्ट, काली टोपी हाथ में दंड लेकर भागीदारी की। पथ संचलन चकदोंदी, कसाई मोहल्ले से होकर निकाला गया। जहां बड़ी संख्या में पहुंचे स्वयंसेवकों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल बरसाए और उनका स्वागत व अभिनंदन किया पथ संचलन खरकौनी स्थित माधव ज्ञान केंद्र से शुरू हुआ और विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरा। जो नैनी में विभिन्न मोहल्ले से होते हुए खरकौनी से लोकपुर तिराहे, फतेह मियां पुरवा, अरैल चौराहा, कॉटन मिल तिराहा और शंकरढाल, नैनी बाजार और फिर स्टेशन रोड़ से सीधे वापस माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज में समापत हुआ। पूरे पथ संचलन को सुरक्षा की लिहाज से एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह ने ड्रोन से निगरानी की। उन्होंने स्वयं ड्रोन चलाया और सुरक्षा व्यवस्था में नैनी इंस्पेक्टर ब्रिज किशोर गौतम पुलिस फोर्स के साथ मौजूद थे। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में जगह जगह फूल की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में प्रमुख रूप से सुरेश तिवारी, संजय अग्रवाल, गुड्डू वर्मा, राहुल गुप्ता, रामबाबू केशरवानी, भुवर जायसवाल, कलीम खान, गुड्डू भाई, नफीस भाई के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

## शॉर्ट सर्किट से एसआरएन अस्पताल के आईसीयू वार्ड नंबर आठ में लगी आग, मरीज सुरक्षित

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल के पुरानी बिल्डिंग के आईसीयू के वार्ड नंबर आठ में शनिवार रात वेंटिलेटर के प्लग में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरातफरी मच गई। इस दौरान आईसीयू वार्ड में 10 से 12 मरीज एडमिट थे। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। वार्ड में धुआं भरते देख डॉक्टरों ने आननफानन मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया। रात करीब 10:50 बजे एक मरीज के वेंटीलेटर के प्लग से तेज स्पार्क हुआ। चिंगारी के साथ ही बोर्ड में आग लग गई। देखते ही देखते पूरे वार्ड में धुआं भर गया। अस्पताल के डॉक्टर समेत वार्ड बॉय ने मरीजों को तुरंत वार्ड नंबर सात में शिफ्ट कर मामले की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर एफएसओ राजेश चौरसिया की टीम एक दमकल गाड़ी के साथ मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक बिजली बोर्ड में लगी आग पर कंट्रोल पा लिया गया था। फायर ब्रिगेड अधिकारियों का कहना है कि रात 10:55 बजे अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूम पर आग लगने की सूचना मिली थी।

# विश्व शांति को क्रियायोग आश्रम में ऑनलाइन चिंतन

### वैश्विक तनाव व संघर्षों के बीच युद्ध रोकने के उपायों पर चिंतन





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वैश्विक तनाव और संघर्षों के बीच युद्ध को कैसे रोका जा सकता है, इसी उद्देश्य से शनिवार तथा रविवार को एक विशेष ऑनलाइन चिंतन सत्र आयोजित किया जा रहा है। क्रियायोग के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिभागी ऑनलाइन शामिल हो रहे हैं। इस सत्र का मुख्य विषय 'सभी देशों के बीच युद्ध को कैसे रोका जाए' निर्धारित किया गया है। वही क्रियायोग आश्रम के संस्थापक व अध्यक्ष का कहना है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में यह विषय बेहद गंभीर बना हुआ है कि वैश्विक तनाव को कैसे नियंत्रित किया जाए। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को एक मंच पर लाकर शांति, सहयोग और आध्यात्मिक जागरूकता के जरिए समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा। Zoom के जरिए आयोजित होने वाला यह सत्र भारत में रात 8:30 बजे शुरू होगा। वहीं, जिनेवा में शाम 4 बजे और टोरंटो में सुबह 11 बजे प्रतिभागी इसमें जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में संचालित किया जाएगा, जिससे विभिन्न देशों के लोग इसमें सहज रूप से भाग ले सकें। कार्यक्रम का प्रसारण झूंसी क्रियायोग आश्रम स्थित सर्व धर्म मंदिर से किया जाएगा, जो विभिन्न धर्मों के बीच एकता और समन्वय का प्रतीक माना जाता है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस सत्र में जुड़ने और इसे अपने परिचितों के साथ साझा करने की अपील की है। उनका मानना है कि इस तरह के प्रयास वैश्विक स्तर पर संवाद और सौहार्द को बढ़ावा देने में सहायक साबित हो सकते हैं।

# बार काउंसिल चुनावः 24 मार्च से शुरू होगी मतगणना, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के बाद अब मतगणना की प्रक्रिया 24 मार्च, 2026 (मंगलवार) से शुरू की जाएगी। इसके लिए हाईपावर इलेक्शन कमेटी और निर्वाचन अधिकारियों ने ऑनलाइन बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतगणना प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। इसके बाद शाम 5 बजे तक चार्ट मिलान और सीलिंग जैसे आवश्यक कार्य पूरे किए जाएंगे। मतगणना के दौरान दोपहर 1:30 बजे से 2 बजे तक आधे घंटे का लंच ब्रेक भी रखा गया है। निर्वाचन अधिकारी रामकिशोर शुक्ल के अनुसार मतगणना की प्रक्रिया जिलों के अंग्रेजी वर्णमाला क्रम (अ से ) के अनुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव में नवंबर 2025 में कुल 333 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इसके बाद प्रदेश भर में चार चरणों में मतदान कराया गया। लखनऊ में प्रारंभिक अनियमितताओं के चलते चुनाव रद्द करना पड़ा था, जिसके बाद 11 से 15 मार्च के बीच पुनः मतदान कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल के हॉल के एक हिस्से में मतगणना कर्मी बैठेंगे, जबकि दूसरे हिस्से में प्रत्याशी और उनके समर्थक मौजूद रहेंगे। प्रवेश व्यवस्था के तहत प्रत्याशियों और समर्थकों को ड्रमंड रोड स्थित मार्ग से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि मुख्य भवन की ओर से प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## माँ अन्नपूर्णा धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब : राधा-कृष्ण संग खेली गई फूलों की होली



**झूंसी।** कोटवा स्थित माँ अन्नपूर्णा धाम (बुढ़ी मईया) मंदिर में चल रहे भव्य नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर रविवार को मंदिर परिसर में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसे देख भक्त भाव-विभोर हो उठे। संध्या आरती के पश्चात श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेली। "आज रंग बरस रहा" और "होली खेलें रघुवीरा" जैसे भक्तिपूर्ण भजनों की धुन पर पूरा परिसर झूम उठा। मंदिर समिति के बंगाली बाबू ने बताया कि नौ दिवसीय महोत्सव के तहत यहाँ प्रतिदिन सुबह दुर्गा सप्तशती का पाठ और शाम को भव्य आरती व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी हुआ। व्यवस्था में पुजारी अवधेश पुष्पाकर, हर्षित सिंह, सुमित शान्तनु, देव, हरिकेश सिंह, उमेश सिंह, दादा भाई, रतन सिंह, पंकज यादव आदि लगे रहे।

# लोकसभा में कठौली अंडरपास मुद्दा उठाने के बाद पप्पू शर्मा ने रेवती रमण से की शिष्टाचार मुलाकात

### कहा – साहब आपके नक्शे कदम और मार्गदर्शन में चल कर निरंतर राजनीति में नई ऊंचाइयों को छूने वाले लोकप्रिय सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कठौली गांव के लिए किया है अभूतपूर्व एवं सराहनीय कार्य

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** कठौली के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत) के आग्रह पर वर्षों से ग्रामीणों के आवागमन की मुसीबत बना फाटक संख्या 26 सी का अंडरपास मुद्दा लोकसभा में प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह द्वारा जोरदारी से उठाए जाने और ग्रामीणों में नई उम्मीद जगाने के साथ साथ नया जोश एवं जज्बा पैदा करने पर समाजसेवी ने सांसद के पिता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद तथा यमुनापार के गांधी से नवाजे जाने वाले विकास पुरुष रेवती रमन सिंह से प्रयागराज स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर सांसद के इस पहल की बेहद प्रशंसा करते हुए बधाई दिया है। मुलाकात के दौरान कठौली के पूर्व प्रधान एवं बहुचर्चित समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत) ने कहा कि साहब आपके नक्शे कदम और मार्गदर्शन में दिनों दिन राजनीतिक बुलंदियों की नई ऊंचाइयों को छूने वाले प्रयागराज के अति लोकप्रिय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने वर्षों से आवागमन के रास्ते की मांग को लेकर महीनों धरना प्रदर्शन के बावजूद भी समाधान न होने की



पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर आशीर्वाद लेते हरिशंकर शर्मा

दशा में बेहद हताश और परेशान कठौली गांव के ग्रामीणों का यह मुद्दा लोकसभा में प्रमुखता से उठाकर गांव के लोगों में रास्ते को लेकर एक नई उम्मीद जगाई है जिसको लेकर गांव का बच्चा बच्चा माननीय जी का आभार जता रहा है। मुलाकात के दौरान समाजसेवी हरिशंकर शर्मा के साथ गांव के अधिवक्ता मुकेश पांडेय भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### स्कूल से सिलेंडर व सामान चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, नहर पुल के पास दबोचा




**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र में स्कूल के स्टोर रूम से गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बहरिया पुलिस ने रविवार को बिजलीपुर नहर पुल के पास से आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज धूरिया के रूप में हुई है, जो बहरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर 18 मार्च को पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, जलालपुर सिकंदरा के स्टोर रूम का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। स्टोर में रखे गैस सिलेंडर, मॉनिटर और अन्य उपकरण चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में बहरिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक एसर कंपनी का मॉनिटर, एक भारत गैस सिलेंडर और दो अग्निशमन सिलेंडर बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और उसके फरार साथी की तलाश जारी है।

### करछना में सोनालिका ट्रैक्टर के भव्य शोरूम का उद्घाटन, सैकड़ों किसान रहे मौजूद



**करछना।** क्षेत्र के संजय मोटर्स द्वारा सोनालिका ट्रैक्टर के नए भव्य शोरूम का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि सांसद करछना कुंवर उज्ज्वल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कंपनी के स्टेट हेड राजीव सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पांच सौ से अधिक किसानों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। उद्घाटन समारोह में सांसद उज्ज्वल सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक मशीनीकरण से खेती को नई दिशा मिल रही है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने संजय मोटर्स के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कंपनी के स्टेट हेड राजीव सिंह ने सोनालिका ट्रैक्टर की विशेषताओं, उन्नत तकनीक और किफायती रेंज की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्रतीकात्मक रूप से ट्रैक्टर की चाबियां भी सौंपी गईं। कार्यक्रम में संजय मोटर्स के प्रोपराइटर ज्ञान प्रकाश तिवारी, ग्राम प्रधान बेनीपुर सहित कई जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। इसके अलावा कंपनी के अधिकारी चंद्रकांत सिंह, अनमोल राठौर, सत्यम शुक्ला, पंकज, नीरज, अवनीश शुक्ला, इरफान समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### रुदापुर में भारद्वाज गुरुकुलम का वार्षिकोत्सव संपन्न, मेधावी छात्रों को उपहार देकर किया सम्मानित

**सहसों।** रुदापुर स्थित भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान का वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ओमप्रकाश त्रिपाठी ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर अधिवक्ता राजीव सिंह एवं राजेंद्र पांडे ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पाठ्यक्रम की शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कृति, देशभक्ति, उदारता और भाईचारे की भावना का विकास होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों में सच्चाई और ईमानदारी के गुण विकसित करना विद्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि वे अपने भविष्य के लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से हासिल कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के संयोजक देवराज उपाध्याय ने बच्चों को योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करने की सलाह दी और जीवन में ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी छात्रों को साइकिल, कूलर, पंखे, मेडल, ट्रॉफी एवं अन्य उपयोगी सामग्री देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पुरस्कार वितरण में हरिनारायण सिंह, मदन मोहन जायसवाल, अशफाक अहमद, डीडी भगनानी, सायरा बानो, निशा सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह एवं वेदमणि त्रिपाठी की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन द्वारा 'वुमन ऑफ सब्सटेंस' कार्यक्रम का आयोजन, महिला प्रतिभाओं का सम्मान



**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने रविवार को एल चिको में 'वुमन ऑफ सब्सटेंस' शीर्षक से एक विशेष बैठक का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान एवं उत्सव मनाना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अंकिता राज एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीति अग्रवाल उपस्थित रहीं। दोनों ने समाज में महिलाओं की भूमिका और प्रभाव पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. श्रीमती अंकिता राज, श्रीमती नीति अग्रवाल, अनुरागिनी सिंह, राधा सक्सेना, डॉ. दिव्या बरतरिया, शर्मिली जैन, शालिनी तलवार, सिमरन गुलाटी, मधु अग्रवाल, सिमरन भाटिया, डॉ. वंदना बंसल, डॉ. अपर्णा रंजन, श्रुति अग्रवाल, अमृता अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल, अभिलाषा जे. लाल, अन्नपूर्णा अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, स्मृति शंगलू, ममता भार्गव एवं अंकिता माहेश्वरी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों में विनायक टंडन, सतपाल गुलाटी, प्रदीप मुखर्जी, संजय गुप्ता, अरुण बग्गा, गौरव मोहन, राजीव माहेश्वरी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, मनीषा गोयल, सलोनी अग्रवाल, निधि अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अंकित देओरा आदि रहे।

# प्राथमिक विद्यालय पिपरहटा के होनहार छात्र राज का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन, खुशी

### परिषदीय विद्यालयों से किनारा करने वाले अभिभावकों को राज की अभूतपूर्व सफलता ने दिया है करारा जवाब

**बीआरसी मेजा के बीईओ कैलाश सिंह एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने दी बधाई, किया उज्जवल भविष्य की कामना कहा राज की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को है गर्व**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विकास खंड मेजा के पिपरहटा स्थित प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 5 के होनहार छात्र राज विश्वकर्मा का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर परिषदीय पर सवाल उठाने वालों को जहां करारा जवाब मिला है वहीं राज के इस बड़ी उपलब्धि पर बेहद खुश विद्यालय के प्रधानाध्यक आदित्य पाल, अध्यापक विकास रंजन,उमेश चंद्र,जितेंद्र त्रिपाठी तथा शिक्षिका संदीपा शुक्ला ने बधाई देते हुए राज के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। बता दें कि प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने वाले राज विश्वकर्मा द्वारा हासिल की गई इस अभूतपूर्व उपलब्धि ने परिषदीय विद्यालयों से किनारा करने वाले अभिभावकों के लिए करारा जबाव है। देखा जाय तो यह होनहार छात्र ऐसे अभिभावकों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन चुका है। गौरतलब है कि राज की इस सफलता से अति प्रसन्न विद्यालय के प्रधानाध्यक आदित्य पाल ने कहा कि राज की यह उत्कृष्ट सफलता उसके कड़ी मेहनत और लगन के साथ की गई पढ़ाई और विद्यालय के कुशल शैक्षणिक मार्गदर्शन के कारण संभव हुआ है। इसी क्रम में होनहार छात्र राज विश्वकर्मा के इस उपलब्धि पर बीआरसी मेजा के बीईओ कैलाश सिंह, एआरपी विकास पाण्डेय, प्रवीण द्विवेदी, जगदीश निगम, विकास यादव ने उसके उज्वल भविष्य की कामना की और शुभकामना दी है। इसके अलावा वरिष्ठ शिक्षक नेता विशिष्ट बीटीसी के जिलाध्यक्ष (चेयरमैन राक संयुक्त परिषद )अवनीश मिश्रा ने राज की सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त किया और कहा कि राज विश्वकर्मा को घरेलू वातावरण एवं संसाधनों के अभाव के बावजूद भी जो उपलब्धि हासिल किया है वह प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा दीक्षा दे रहे शिक्षकों के लिए बेहद गर्व की बात है। सभी ने राज की इस सफलता को सराहते हुए शुभकामना दी और विद्यालय स्टाफ को भी बधाई दी है। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्ष प्रा शि संघ मेजा मनीष तिवारी, नारायण त्रिपाठी जिला मंत्री, अनुराग पाण्डेय,अशोक तिवारी, विवेकानंद पाण्डेय,वीना सिंह, रामसुमन,कमला शंकर यादव, मनोज तिवारी, हरे कृष्ण पाण्डेय रविन्द्र मोहन, गोपाल कृष्ण, रामराज वर्मा, रजनीश मिश्रा, अजीत शुक्ला, सिराजुद्दीन, कैलाश सिंह, रमेश त्यागी, निशेष शर्मा, मयंक मिश्रा, विनय द्विवेदी तथा लोकेंद्र मिश्रा आदि के अलावा ब्लॉक के कई अन्य सम्मानित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने राज विश्वकर्मा को बधाई दिया और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## मानवता की रक्षा के लिए शक्ति व संसाधनों को लगाने हेतु मां भगवती से लें प्रेरणा : अनुराग पांडेय

### नवरात्रि के चौथे दिन प्रा.वि. विरतिया मैदनियां के प्रभारी शिक्षक ने मां भगवती देवी की भव्य तरीके से किया पूजा पाठ, मांगी जनकल्याण की दुवाएं

**मेजा।** माँ जगदम्बा ने अपने पावन चरित्र से इस मानव समाज को यह सीख दी है कि केवल शक्ति सम्पन्न होने मात्र से भी किसी का जीवन वंदनीय नहीं बन जाता है अपितु उस शक्ति का सही व समय पर प्रयोग करने वालों को ही युगों-युगों तक स्मरण रखा जाता है। केवल सामर्थ्यवान होना पर्याप्त नहीं है अपितु उस सामर्थ्य को लोक मंगल एवं लोक कल्याण में लगाना ही जीवन की परम श्रेष्ठता एवं सार्थकता है। उक्त धार्मिक पंक्तियां परिषदीय विद्यालय के शिक्षक अनुराग पांडेय ने नवरात्रि के चौथे मां जगदंबा की पूजा अर्चना के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शक्ति सम्पन्न होने पर भी माँ दुर्गा ने अपनी सामर्थ्य का प्रयोग कभी भी किसी निर्दोष को दण्डित करने हेतु नहीं किया अपितु केवल और केवल आसुरी वृत्तियों के नाश के लिए ही उन्होंने अपनी सामर्थ्य और शक्तियां प्रयोग किया। श्री पांडेय ने कहा कि शक्ति का गलत दिशा में प्रयोग ही तो पाप है। उनका मानना है कि साधन



शक्ति सम्पन्न हो जाने पर कायर बनकर चुप बैठ जाना यह भी एक प्रकार से असुरत्व को बढ़ाने जैसा ही है। अपनी समस्त शक्ति व साधनों को मानवता की रक्षा में लगाने की प्रेरणा हमें माँ जग जननी भगवती से लेनी होगी तभी हम माँ के पुत्र कहलाने योग्य होंगे। नवरात्रि के चतुर्थ दिवस में माँ के कृष्मांडा स्वरुप का पूजन व वंदन किया जाता है।

## नवरात्रि के चौथे दिन सरस्वती परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान चला

**नैनी।** नैनी अरैल में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा देवरख स्थित प्रभु जी की बैठक मंदिर में कार्यक्रम अधिकारी विकास मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान। उन्होंने कहा कि ऐसे मंदिरों में साफ सफाई रखना सभी का कर्तव्य है। मंदिर महन्त पप्पू शुक्ल को संस्थान सरस्वती परिवार द्वारा सम्मानित किया गया एवं महंत द्वारा प्रोफेसर आशीष शुक्ला को सम्मानित किया गया। प्रोफेसर आशीष शुक्ला ने कहा कि मंदिर में प्रवेश करने मात्र से ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होने लगता है, इसलिए आस्था के ऐसे पवित्र स्थानों को स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। वरिष्ठ समाजसेवी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि सरस्वती परिवार द्वारा विगत कई वर्षों से तीर्थस्थलों एवं गंगा तटों पर नियमित स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे लोग धीरे-धीरे स्वच्छता के प्रति जागरूक भी हो रहें हैं। सभी को ऐसे पवित्र मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। स्वच्छता कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पाण्डेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, एड. आत्म प्रकाश यादव, विनोद गुरानी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, इंदु सिंह, नीरज पांडेय, प्रियांशु उपाध्याय, शशिकांत पांडेय, दीपक दीक्षित, कार्तिकेय तिवारी आदि रहे।

# डीवीए की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सुशील मिश्रा को सौंपी गई जिलाउपाध्यक्ष की कमान

### बैठक में सभी पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र के साथ दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी / प्रबंध समिति की प्रथम बैठक रविवार को स्थानीय सरोजनी नायडू मार्ग सिविल लाइंस स्थित ओलंपिक भवन में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही प्रारंभ होने से पूर्व विशेष रूप से उपस्थित आमंत्रित अतिथि जिला ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी गोपाल का बुकें भेंटकर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान विगत 7 फरवरी 2026 को संपन्न हुए एसोसिएशन की कार्यकारिणी / प्रबंध समिति के चुनाव के दौरान मनोनीत किये गए एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी



बैठक में सुशील मिश्रा को शपथ दिलाते डीवीए के वरिष्ठ पदाधिकारी गण

एवं सदस्यों ने कार्यभार ग्रहण किया जिसके बाद सामूहिक रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी किंतु अपरिहार्य कारणों से एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अनुपस्थिति में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा (अधिवक्ता उच्च न्यायालय) की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम एवं एजेंडा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में उपस्थित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने वॉलीबाल खेल के प्रचार-प्रसार तथा खेल के विकास के सम्बंध में अपने-अपने विचार व सुझाव सभा के समक्ष रखें। बैठक में आगामी वर्ष आयोजित की जाने वाली ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर, चैंपियनशिप व अन्य प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर चर्चा हुई तथा वर्तमान सत्र में आगामी 27 व 28 मार्च 2026 को भारतीय वॉलीबाल महासंघ द्वारा निर्देशित कार्यक्रम अस्मिता खेलो इंडिया महिला प्रयागराज वॉलीबाल लीग को सकुशल संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान आगामी 25 मार्च 2026 को जॉर्ज टाउन में आहूत की गई बैठक के स्थान में परिवर्तन करते हुए पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार सर्वसम्मति से साधारण सभा की बैठक आगामी 25 मार्च 2026 को मेजारोड़ में आहूत किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के साथ-साथ केपी सिंह,विजया सिंह,आरपी शुक्ला, केबीएल श्रीवास्तव, मुकेश शुक्ला, अल्ताफ अली, प्रभाकर चौबे, राजेश प्रसाद राय, संतोष कुमार के अतिरिक्त बर्फी लाल यादव, राजित राम शुक्ला व पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी जॉर्डन एच नाथ आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# तीन किलो 52 ग्राम गांजा व ऑटो के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**पुलिस को चेकिंग के दौरान मिली सफलता**




**पट्टी।** अपराध एवं अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पट्टी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पुलिस टीम ने 3 किलो 52 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बीबीपुर नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर एक ऑटो को रोका गया। तलाशी लेने पर ऑटो से 3 किलो 52 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से करन सिंह (20) पुत्र प्रमोद सिंह तथा मिथलेश सिंह (46) पत्नी प्रमोद सिंह निवासी ग्राम ताला थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। इस बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। पुलिस टीम में निरीक्षक शुभनाथ साहनी, उपनिरीक्षक प्रशांत कटियार, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, कांस्टेबल बृजेश यादव, महिला कांस्टेबल कल्पना यादव, कांस्टेबल सतीश कुमार पाल तथा चालक हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी शामिल रहे। पुलिस द्वारा जनपद में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आमजन से अपील की गई है कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों की तस्करी या बिक्री की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## मोबाइल चोरी का आरोप, युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत

**पट्टी।** फतनपुर थाना क्षेत्र के फतनपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने रायगढ़ गांव के युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार फतनपुर गांव निवासी हरिशंकर प्रजापति, जो रोजी-रोटी के सिलसिले में नागपुर शहर में रहते हैं ने रविवार को दोपहर करीब 3 बजे पट्टी थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 18 मार्च की सुबह करीब 7 बजे उन्होंने अपना एंड्रॉयड मोबाइल एक होटल मालिक इरफान के यहां खड़ी फोर व्हीलर गाड़ी में चार्जिंग के लिए लगाया था। उसी दौरान शिबू अली पुत्र सलीम निवासी ग्राम रायगढ़ थाना कोतवाली पट्टी ने भी अपना मोबाइल वहीं चार्जिंग पर लगाया था। पीड़ित के अनुसार जल्दबाजी में वह ट्रक से घर के लिए रवाना हो गए। करीब 40 किलोमीटर दूर पहुंचने पर उन्हें अपने मोबाइल की याद आई। जब उन्होंने शिबू अली के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो वह टालमटोल करने लगा।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि शिबू अली ही उसका मोबाइल लेकर अपने घर चला आया है। उन्होंने पुलिस से मोबाइल बरामद कराने की गुहार लगाई है।पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**कुंडा।** वाराणसी के बीएचयू के साहूमई निवासी भुवनेश्वर का 20 वर्षीय बेटा रतन दीक्षित कुंडा में हाईवे के बाईपास पर सामने से अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। इसी प्रकार हथिगवां थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी नोखेलाल का 17 वर्षीय बेटा नीरज कुमार शनिवार रात बाइक से जाते मवेशी बचाने में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। दोनों को सीएचसी ले आया गया। यहां से दोनों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

## न्यूज झरोखा

### आस्था सिंह का एम्स दिल्ली में चयन

**कुंडा।** विहार विकास खंड के उमरी कोटिला गांव की रहने वाली आस्था सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे जिले का मान बढ़ाया है। आस्था का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में अनुसंधान सहायक के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से उनके गांव, परिवार और जिले में खुशी का माहौल है। आस्था सिंह, उमरी कोटिला गांव के निवासी कुँवर बहादुर सिंह उर्फ कल्लू सिंह की पुत्री हैं। आस्था ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरी कोटिला से पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की पढ़ाई रामस्वरूप इंटरमीडिएट कॉलेज, सुंदरगंज से की। स्नातक की पढ़ाई उन्होंने बीबीएस कॉलेज, प्रतापगढ़ से पूरी की और स्नातकोत्तर प्रयागराज विश्वविद्यालय से खाद्य एवं पोषण और आहार विशेषज्ञ विषय में किया। वह पिछले दो वर्षों से दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत थीं और अब उन्हें अनुसंधान सहायक के पद पर नियुक्त किया गया है। सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

### पेड़ काटने के विवाद में युवक पर हमला

**कुंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी सुरेश लाल के टिनशेड पर 21 मार्च को बबूल की डाल गिर गई थी। वह उसी को काट रहा था। आरोप है कि तभी पड़ोसी पहुंचे और उसे अपना पेड़ बताते हुए लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित सुरेश लाल की तहरीर पर पुलिस ने द्वारिका प्रसाद पटेल, मनोज कुमार, सुभाष पटेल, प्रेमचन्द्र पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### अज्ञात चोरो ने नगदी समेत उड़ायें जेवरात, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरो ने घर में घुसकर नगदी समेत लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे बख्तावर देउम पूरब निवासी शिवम तिवारी पुत्र स्व0 हीरालाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार की रात परिवार के सदस्य खाना खाकर सो गये। परिजनों को रविवार की सुबह विध्याचल धाम दर्शन के लिए निकलना था। परिजन रात के करीब ढाई बजे जगे तब देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था। आवाक परिजनों ने छान-बीन की तो पता चला कि घर में रखा बाक्श गायब था। घटना में पीड़ित के मुताबिक बीस हजार नगद तथा पत्नी प्रिया के लाखों के सोने चांदी के कीमती जेवरात बदमाशों ने चोरी कर लिया। पीड़ित के मुताबिक करीब डेढ़ वर्ष पूर्व भी उसके घर चोरी की घटना हुई थी। आरोप है कि उस समय पुलिस ने घटना को जांच के नाम पर ठण्डे बस्तें मे डाल दिया था। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

### जांनलेवा हमले व छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** जनसेवा केन्द्र पर दो आरोपियों द्वारा जांनलेवा हमले के साथ छिनैती के आरोप को लेकर पीड़ित ने लालगंज पुलिस को तहरीर दी हैं । सांगीपुर थाना के हर्षपुर निवासी बालजी मिश्रा पुत्र सुरेश नारायण मिश्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि रविवार की सुबह लगभग पौने आठ बजे वह लालगंज कोतवाली के त्रिवेणी नगर तिलक राम स्थिति जनसेवा केन्द्र पर उसका पुत्र शिवान दुकान खोलने पहुंचा । पीड़ित के मुताबिक सेवा केन्द्र पर रुपए की निकासी व जमा भी हुआ करती हैं । तहरीर के मुताबिक इस बीच बगल के पुरवे दो अरोपी वहां आये और उसके बेटे पर जांनलेवा हमला कर दिया। तहरीर में दवा किया गया है कि आरोपियों द्वारा जनसेवा केन्द्र में रखे 48750 रुपए लूट लिये गये। जानकारी मिलने पर पीडित भी दुकान पर पहुंचा । घायल बेटे को लेकर वह इलाज कराने लालगंज ट्रामा सेंटर आया। पीड़ित ने घटना के बावत तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया दो पक्षों में विवाद को लेकर मारपीट हुई है, जांच कर सत्यता के आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

## टेंपो पलटने से मासूम समेत पांच घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** अमरपुर मोड़ के समीप रविवार को एक तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार मासूम सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम के चालक प्रमोद सिंह व महिला आरक्षी पूनम चैहान ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। घायलों में किरण कुमारी (24) पुत्री फूलचंद, सरिता (27) पत्नी श्याम शंकर, अभिजीत (5) व एक तीन वर्षीय मासूम सहित कुल पांच लोग शामिल हैं। सभी लोग पूरे देवयानी गांव से सैफ बाजार जा रहे थे। रास्ते में अमरपुर मोड़ के पास टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि किरण कुमारी की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** संडवा चंडिका खंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज गड़वारा में रविवार को वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया। इसके बाद नगर पंचायत गड़वारा बाजार में पथ संचलन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में भारत माता व राष्ट्रीय स्वयं संघ के संस्थापक डॉ.हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। बौद्धिक उद्बोधन में विभाग संघ चालक रमेश ने बताया कि आद्य सर संघचालक प्रणाम करने के लिए प्रत्येक स्वयंसेवक प्रतिवर्ष इंतजार करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय नववर्ष को वर्ष प्रतिपदा उत्सव के रूप में मनाता है। इसी दिन संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती भी मनाई जाती है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से उनका जन्म एक अप्रैल, 1889 को हुआ था। पर संघ भारतीय पंचांग के हिसाब से चलता है और उसके अनुसार डॉ. हेडगेवार का जन्म वर्ष प्रतिपदा के दिन हुआ था। वर्ष प्रतिपदा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पहला उत्सव है। इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। काफी विचार के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरू माना है। संघ प्रार्थना के बाद पूर्ण गणवेश में उपस्थित स्वयंसेवक खंड कार्यवाह उमेश कुमार, खंड संघ चालक हरिशंकर, प्रधानाचार्य शेषमणि तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू, डॉ मनीष सिंह, अनिल, भाजपा नेता नवीन सिंह, आशीष, रामकेवल, राजाराम वैश्य, ओम प्रकाश जायसवाल, राधे मोहन, अंकित, उमंग, हिरेंद्र, सूर्यभान, रत्नेश, संतोष, रमेश शुक्ल आदि ने गड़वारा बाजार में पथ संचलन किया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** दरवाजे के सामने साइकिल चला रहे मासूम की ट्रैक्टर से दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। घर के इकलौते बेटे की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन बदहवास हो उठे। लालगंज कोतवाली के परसपुर समापुर निवासी शिव बहादुर वर्मा का पुत्र ऋतिक वर्मा (10) रविवार की सुबह सड़क के किनारे साइकिल चला रहा था। अचानक तेज गति से आ रहे टैज्क्टर ने साइकिल को टक्कर मार दी। मासूम के ट्रैक्टर के नीचे आ जाने से मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। ऋतिक शिव बहादुर का इकलौता बेटा था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घायल मासूम को लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचे । यहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। ऋतिक की एक छह वर्ष की बहन भी हैं। जानकारी मिलने पर लालगंज पुलिस अस्पताल पहुंची । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। इधर दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को पुलिस कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

## भविष्य निर्माण के लिए सदैव रचनात्मक सोच को मिलना चाहिए बढ़ावा : ब्रजभूषण शरण सिंह

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** सांगीपुर के समीप कटरा स्थिति सर्वोदय पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में रविवार को नौनिहालों ने मनोहारी सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से अतिथियों व अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने मॉ सस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। हेलीकाप्टर से कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने मेधावियों का जमकर हौसला बढ़ाया। उन्होने कहा कि मेहनत से पढ़ाई से ही भविष्य का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होने कहा कि बुद्धि और विवेक ही मनुष्य की सबसे बड़ी सफलता का मार्ग तय करती है। पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जीवन में सदैव रचनात्मक सोच रखना चाहिए। उन्होने खान-पान की शुद्वता पर भी जोर देते हुए कहा कि बाजार में जिस तरह से मिलावट का दौर जारी है, उससे हमें सदैव सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व सांसद ने खाद्य सामग्री को लेकर एक बाबा पर भी अपने भाषण में कटाक्ष किया। राजनैतिक मुद्दो से दूर पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने पठन-पाठन तथा शिक्षा की आवश्यकता व महत्वतता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अपने लम्बे राजनैतिक उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का भी जिक्र करते हुए उन्हें स्वयं से वरिष्ठ तथा अनुभवी बताया। सांसद प्रमोद तिवारी को लेकर पूर्व भाजपा सांसद के द्वारा भाषण में किया गया जिक्र कार्यक्रम से इतर चर्चा में देखा सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश सिंह तथा संचालन सत्यम सिंह ने किया। संयोजक राकेश सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष के0के0 सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सूबेदार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह , अभिशेष सिंह, ओम प्रकश पाण्डेय गुड्डू, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, आदि मौजूद रहे। इसके पहले पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह हेलीकाप्टर से सुबह करीब ग्यारह बीस पर भुड़हा में बने हेलीपैड पर पहुंचे । यहां लोगों ने जय श्रीराम के घोष साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

### महिला समेत 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत लवेदा गांव में छप्पर तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर महिला समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुशीला देवी ने करीब तीन दिन पूर्व पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि विपक्षीगण ने उनके पुश्तैनी छप्पर को तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में कमलेश कुमार, शीतला प्रसाद, पूनम, चंदा, सरिता व कंचन के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## वांछित अन्तर्जनपदीय बदमाश मुठभेड़ में घायल, तमंचा भी हुआ बरामद



**लालगंज।** शिक्षिकाओं के साथ दिन दहाड़ें चेन छिनैती के प्रयास की दुस्साहसिक घटनाओं को अंजाम देने वाले पड़ोसी जिले के अन्तर्जनपदीय शातिर बदमाश को पुलिस ने करारा सबक सिखाया है। लालगंज कोतवाली पुलिस ने सर्विलांस तथा सीसी फुटेज की मदद से बदमाश की सिनाख्त करने में सफलता ली। इसके बाद पुलिस ने उसकी सुरागरसी करते हुए पीछा किया । लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने साहसिक ढंग से आरोपी गैगेस्टर व हिस्ट्रीशीटर बदमाश विपिन सिंह को शनिवार की शाम अमेठी जिले के संग्रामपुर में दबोच लिया। पुलिस आरोपी को लेकर लालगंज कोतवाली आयी। यहां पूछताछ में आरोपी ने लालगंज कोतवाली के गौतमपुर के समीप शिक्षिका शालिनी सिंह के साथ रास्ते में छिनैती के प्रयास तथा इसी दिन लीलापुर थाना के प्राथमिक विद्यालय पूरनपूर खजूर में शिक्षिका माया सिंह के साथ कक्ष में घुसकर चैन छिनैती के प्रयास में शामिल होना कबूल कर लिया। लालगंज में बदमाश की गिरफ्तारी की सूचना पाकर लीलापुर एसओ बैकुण्ठ नाथ पाण्डेय फोर्स के साथ यहां पहुंचे । बदमाश द्वारा चोरी का सामान छिपाने को लेकर बताये गये स्थान पर पुलिस उसे लेकर पहुंची । लीलापुर थाना के कमौरा गांव के समीप सई नदी के किनारे पुलिस बदमाश के साथ पहुंची तब उसने शातिराना अंदाज में वहां छिपाये गये तमंचे से अचानक फोर्स पर फायरिंग कर दिया। फायरिंग में आरक्षी राजकुमार सिंह घायल हो गया। तब तक पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और आत्मरक्षार्थ पुलिस की चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लग गयी। घायल अवस्था में बदमाश को लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया । जानकारी मिलने पर यहां अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी वृजनन्दन राय व लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा भी अस्पताल पहुंच गये। इधर पुलिस ने आरोपी बदमाश के पास से एक तमंचा तथा लूटी गयी चेन का आधा हिस्सा भी बरामद किया है। गोली से घायल बदमाश का अमेठी जिले के साथ प्रतापगढ़ के लालगंज व लीलापुर में आठ गम्भीर आपराधिक केस दर्ज है। आरोपी के खिलाफ गैगेस्टर का भी केस दर्ज है। पुलिस की सफलता पर अफसरों ने लालगंज कोतवाल आलोक कुमार व फोर्स को सराहा है।

## मनुष्य को उत्तम जीवन जीने की कला सिखाती है श्रीराम कथा : मुक्तामणि शास्त्री

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** शहर के अचलपुर के लेखपाल कलोनी स्थित कैरियर एके-डमी विद्यालय में चल रही संगीतययी श्रीराम कथा के चैथे दिवस अयोध्या धाम से पधारें कथा वाचक मुक्तामणि शास्त्री महराज ने प्रभु की बाल लीला का मनोहारी संगीतमय चित्रण किया। उन्होंने कहा कि अयोध्यानगरी में भगवान श्रीराम के जन्म के बाद से हीं उत्सवी माहौल बन गया है,जिसका नाम सुनने मात्र से जीवन धन्य धन्य हो जाता है,ऐसे प्रभु बालरूप श्रीराम को पाकर अयोध्यानगरी मगन हो गई है। कथा व्यास ने राजा दशरथ के कुलगुरु वशिष्ठ जी द्वारा श्रीराम के नामकरण संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम आनंदस्वरुप है तो भरत प्रेम की मूर्ति, शत्रुघ्न मौन पात्र तो लक्ष्मण सेवा के पर्याय। मुक्तामणि शास्त्री जी ने श्रीराम कथा के दौरान कहा कि जीवन का वास्तविक आनंद वही है जो बताया न जा सके। आनंद अनुभव की चीज है उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है, उसे बताया नहीं जा सकता है।उन्होंने कहा कि भगवान का भजन करना कोई मुश्किल काम नहीं है, यदि कोई बुरी आदत हो तो उसे सुधारना ही भजन होता है। भगवान की कृपा जिस पर होती है उसे हीं सत्संग का सुअवसर मिलता है। महराज जी ने कहा कि श्रीराम कथा मनुष्य को उत्तम जीवन जीने की कला सिखाती है। इस मौके पर श्रद्धालु भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म कथा का श्रवण कर झूम उठे। कथा के दौरान ष्जय श्रीरामष के उद्घोषों से समूचा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रशांत पांडेय, शशांक पांडेय, सुधांशु, अद्वैत, दीपू, हितेश तिवारी, रामचंद्र शुक्ल, विनोद पाण्डेय, शिक्षा, शानवी, आयुष, संतोष यादव, अनमोल, विपुल, ओमप्रकाश पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### छत से गिरकर युवक जख्मी

**कुंडा।** उन्नाव जनपद के खांवा खेड़ा गांव निवासी गंगा भूषण का 42 वर्षीय बेटा नंद किशोर हथिगवां में एंबुलेंस पर काम करता है। वह रात में छत पर सो रहा था, अचानक उठा तो असंतुलित होकर नीचे गिर गया जिससे गंभीर घायल हो गया। साथियों ने उसे इलाज को सीएचसी लाकर भर्ती कराया।

### बाइक सवार पर केस

**कुंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाइकगंज परसई गांव निवासी ओम प्रकाश सोनकर का छह वर्षीय भतीजा हनी 21 मार्च की सुबह माता मइया स्थित कोचिंग जा रहा था। तभी बाइक सवार तीन युवकों ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। ओम प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## शिव के मंत्र जाप से मिला करती है जीवन जीने की शक्ति : स्वामी सम्पूर्णानन्द



**लालगंज।** नगर के घुइसरनाथ रोड स्थिति राधा मोहन मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा में रविवार को व्यास पीठ से भगवान शंकर की महिमा का गुणगान हुआ। कथा व्यास प्रयागराज से पधारे स्वामी सम्पूर्णानन्द जी महाराज ने कहा कि भगवान शिव ही सृष्टि के रचयिता हैं और वही इसके पालक भी है। उन्होने कहा कि भगवान शिव के मंत्र जाप से जीवन में आने वाले संकट का भी समाधान हो जाया करता है। स्वामी सम्पूर्णानन्द जी ने कहा कि शिव की उपासना करने वाले व्यक्ति को जीवन का भय कभी नही सताया करता। उन्होने कहा कि सच्चे मन से महादेव का स्मरण सर्व फलदायी है। उन्होने बताया कि मॉ पार्वती का नाम स्मरण कर शिव की पूजा का पुण्य दोगुना हो जाया करता है। वही उन्होने बताया कि भगवान गणेश स्वयम मंगलप्रदाता हैं । कथा व्यास ने बताया कि शिव की उपासना में ही भक्ति की पूर्णता है। कथा में भगवान का स्तुति गान सुनकर शिव भक्तों को हर हर महादेव के जयघोष मे भी मगन देखा गया। कथा के संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन सहसयोजक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चैहान ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, सर्वजीत गुप्ता, राकेश गुप्ता, छोटे लाल सरोज, विकास मिश्र, निरजंन प्रकाश तिवारी, श्रीपाल सिंह, डॉ0 रमाशंकर शुक्ल, पप्पू तिवारी, दारा सिंह, आशीष कौशल, शिव कुमार जायसवाल, मोती लाल जायसवाल, रामजी जायसवाल, कैलाश नाथ जायसवाल, प्रतिभा, पूनम, सोनी, रंगानी, विजय नाथ आदि रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वैवाहिक बंधन में बधें 305 जोड़े

## प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** प्रदेश सरकार केनव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बस डिपो परिसर, मंझनपुर में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस आयोजन में 305 जोड़े विवाह बंधन में बंधे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन का अधिकारियों और नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा नवदम्पतियों को आशीवाद देते हुए ईश्वर से सुखमय समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कॉमना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 305 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें,जिसमें 01 जोड़ा मुस्लिम समुदाय से सम्मिलित हैं।समारोह में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं सभी धर्मां के पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रूपए का प्राविधान किया गया है। जिसमें 60 हजार कन्या के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है, 25 हजार रूपए से घरेलू सामान दिया जाता है एवं 15 हजार रूपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यन्त लाभकारी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी, निवतर्मान विधायक लाल बहादुर,जितेन्द्र सोनकर,हुबलाल दिवाकर एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित तमाम नेता अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद है।

## 25 मार्च को सम्राट अशोक जयंती का होगा आयोजन

**कौशांबी।** सम्राट अशोक सेवा के तत्वाधान में सम्राट अशोक जयंती समारोह व मेला का बीसवां समारोह का आयोजन जिले के अशोक नगर मरधरा मूरतगंज में 25 मार्च को किया जाएगा। उक्त दिवस एवं स्थान पर बौद्ध धर्म के विश्व प्रचारक संता की मूर्ति चक्र भारती सम्राट देवानाम प्रिय प्रियदशी अशोक महान महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म उत्सव गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया जाएगा कार्यक्रम का उद्घाटन शिप्रा मौर्य प्रदेश अध्यक्ष एमबीसी महिला संवर्ग उत्तर प्रदेश एवं महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा कौशांबी के द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि जसवंत सिंह सैनी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार होंगे। व वरिष्ठ अतिथि के रूप में राजेश कुमार कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष जिला जिला पंचायत कौशांबी होंगें। यह पूरा कार्यक्रम शिव मोहन मौर्य जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रयागराज कौशाम्बी की अध्यक्षता में होगा।

## सांसद ने की विद्युत विभाग के मार्गदर्शक समिति की बैठक



**कौशाम्बी।** सांसद पुष्पेंद्र सरोज की अध्यक्षता में दिनांक 22.03.2026 को विद्युत विभाग के मार्गदर्शक समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे विद्युत विभाग द्वारा कराये गए कार्यों कि समीक्षा व आगामी योजना में कराये जाने वाले कार्यों पर चर्चा हुई साथ ही साथ आगामी गमी में सूचरू विद्युत आपूर्ति के बारे में रणनीति पर बात हुई। बैठक में सांसद के आलवा मंझनपुर विधयाक प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जीतेन्द्र सोनकर,नगर पंचायत दारानगर अध्यक्ष श्रीमति रागनी केसरवानी नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष श्रीमती शांति देवी,पश्चिम श्ररीरा नगर पंचायत प्रतिनिधि विद्युत विभाग की तरफ से मुख्य अभियंता प्रयागराज अशोक कुमार,अधीक्षण अभियंता श्याम नारायण अधिशासी अभियंता आर के कुशवाहा राम हरी,समस्त उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता मौजूद थे।

# विवादित लेखपाल की पुनः बसुहार में तैनाती

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायत बसुहार के लेखपाल पर गंभीर आरोप लगने के बाद ग्राम पंचायत से लेखपाल को तहसील प्रशासन ने हटा दिया था लेकिन कुछ दिन बीता फिर विवादित लेखपाल को बड़ुहार ग्राम पंचायत में तैनाती दे दी गई है जिस गांव से हटाया गया उसी गांव में तैनाती दिए जाने के बाद व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं चायल तहसील के ग्राम पंचायत बसुहार में ग्राम सभा की भूमि पर कथित अवैध कब्जों का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार उठ रहे सवालों के बीच अब यह मुद्दा राजस्व अभिलेखों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और शासन की नियमावली तक पहुंच गया है। इसके बावजूद जिला स्तरीय प्रशासन की चुप्पी कई गंभीर आशंकाओं को जन्म दे रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में विवादों में रहे लेखपाल अश्वनी यादव की पुनः उसी ग्राम पंचायत में तैनाती ने पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना दिया है। बताया जा रहा है कि एक वर्ष के भीतर ही ग्राम सभा की भूमि तालाब,खलिहान एवं अन्य सुरक्षित श्रेणी की जमीन पर कब्जे कराए गए,जिनका उल्लेख राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज है या दर्ज होना चाहिए था। इसके बावजूद संबंधित लेखपाल संबंधित कानून गो पर प्रभावी कारवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। राजस्व विभाग की प्रचलित नियमावली के अनुसार,किसी भी हल्का लेखपाल की एक ही क्षेत्र में लगातार या पुनः तैनाती,विशेष परिस्थितियों को छोड़कर, पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत मानी जाती है। साथ ही,ग्राम सभा की भूमि की सुरक्षा एवं अभिलेखों का संरक्षण लेखपाल की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे में यदि उसी अवधि में कब्जों के आरोप सामने आते हैं, तो यह सीधा-सीधा कर्तव्य में लापरवाही अथवा मिलीभगत की ओर संकेत करता है।ग्रामीणों के बीच यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या किसी गांव विशेष के प्रभाव में लेखपाल की तैनाती को प्रभावित किया जा सकता है,या फिर यह पूरा मामला प्रशासनिक स्तर पर किसी सिस्टमेटिक सेटिंग का हिस्सा है।सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब एक वर्ष के भीतर ही विवाद खड़े हो गए,तो संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच,स्थानांतरण या जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई गई।फिलहाल,बसुहार का यह प्रकरण केवल एक गांव तक सीमित नहीं रह गया है,बल्कि यह पूरे राजस्व तंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न बनता जा रहा है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारी इस मामले में क्या ठोस कदम उठाते हैं या फिर यह मुद्दा भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।




राजस्व व्यवस्था पर लगातार उठ रहे सवाल नियमों की अनदेखी या प्रशासनिक संरक्षण

## ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**कौशाम्बी।** ट्रांसफार्मर की मरम्मत में लगे ठेकेदारों द्वारा विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में बड़ा खेल किया जा रहा है जिससे समय के पहले ट्रांसफार्मर जल जाते हैं एक तरफ आम जनता विद्युत सप्लाई न मिलने से परेशान होती है दूसरे तक फिर से ट्रांसफार्मर मरम्मत करने में सरकार का लाखों रुपया बर्बाद हो रहा है ट्रांसफार्मर मरम्मत में लगे ठेकेदारों के इस भ्रष्टाचार पर अभी तक जांच करवा कर दोषी ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को दंडित नहीं किया गया है जिससे विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े हैं जिले के विभिन्न क्षेत्र में आए दिन घटिया क्वालिटी के ट्रांसफार्मर जल जाते हैं और विभाग के अधिकारी लोड अधिक होने का बहाना बात कर प्रशासनिक अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं सिराथू तहसील क्षेत्र के शाहजादपुर गांव में 250 केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई।देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया,जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया आग की तेज लपटों में ट्रांसफार्मर में भरा तेल और केबल जलकर पूरी तरह खाक हो गया सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन काफी समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई ट्रांसफार्मर मरम्मत में घटिया सामान प्रयोग किए जाने के चलते शार्टसर्किट हुआ है ट्रांसफार्मर के मरम्मत में घटिया क्वालिटी के समान का प्रयोग कर ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाले ठेकेदारों के कारनामे की जांच किए जाने की जरूरत है।

# सृष्टि सृजन का प्रथम दिवस है चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा : ओम प्रकाश विभाग प्रचारक

## ब्रह्मांड की प्रथम तिथि पर होता है नव वर्ष का आगाज

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी।** भारतीय नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कौशांबी जिले के मंझनपुर नगर से भव्य पथ संचालन निकला इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्त ओम प्रकाश ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यह केवल एक तिथि नहीं,यह भारत की आत्मा का उत्सव है। यह वह पावन क्षण है जब सृष्टि, प्रकृति और राष्ट्र तीनों एक साथ नवजीवन की ओर अग्रसर होते हैं। भारतीय नववर्ष की यह परंपरा किसी राजनीतिक आदर्श की उपज नहीं,बल्कि ब्रह्मांडीय व्यवस्था और मानवीय अनुभव के सम्मिलन से उत्पन्न सनातन ज्ञान की देन है ,आज जब भारत अपनी सभ्यतागत पहचान को पुनः स्थापित करने की ओर अग्रसर है,वर्ष प्रतिपदा का उत्सव ह्यस्वह्न की पुनर्जागृति का एक सशक्त प्रतीक बन जाता है। उपनिवेशवाद ने हमसे न केवल भूमि और संसाधन छीने,बल्कि हमारी मानसिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक गर्व को भी खंडित करने का प्रयास किया। एक जनवरी को नववर्ष मानना उसी उपनिवेशिक मानसिकता की अभिव्यक्ति है। भारतीय नववर्ष को अपनाना,उसे जीना,उस पर गर्व करना यह ह्यस्वह्न की पुनर्जागृति का मार्ग है।सनातन काल-गणना का गौरव भारतीय काल-गणना की परंपरा विश्व की प्राचीनतम और सर्वाधिक वैज्ञानिक परंपराओं में से एक है।विक्रम संवत,शक संवत,कलि संवत ये सभी भारत की खगोल शास्त्रीय सूझबूझ और सांस्कृतिक परिपक्वता के प्रमाण हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण आरंभ किया यह केवल धार्मिक आख्यान नहीं,यह प्रकृति के नवजीवन चक्र का सांकेतिक वर्णन है। इस तिथि से जुड़े ऐतिहासिक गौरव के क्षण अनेक हैं, सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन शकों पर विजय प्राप्त कर विक्रम संवत का शुभारंभ किया छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ हिंदवी स्वराज का उद्घोष इसी साम्राज्य की अनुगूंज थी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ राम राज्य एक आदर्श राज्य का आधार स्थापित हुआ। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी तिथि पर आर्यसमाज की स्थापना कर भारत के नवजागरण का बिगुल फूंका। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारत के लिए केवल पंचांग का एक पृष्ठ नहीं,बल्कि सभ्यतागत पराक्रम और राष्ट्रीय गौरव का उत्सव है। कार्यक्रम में जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला संघ चालक केदार, दिलीप,संजीव श्री कृष्ण अश्वनी, जितेन्द्र सोनकर जगत यादव जैसे सैकड़ों स्वयंसेवको ने कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया।

## राष्ट्रीय बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा जावेद और एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी ने ज्योतिषाचार्य डॉ. राम सियासन शास्त्री से मिल जाना अपना भविष्य





**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** जिले की शान और देश विदेश में अपनी ज्योतिष का लोहा मनवाने वाले ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री ने फिल्मी नगरी मुंबई में भी अपना ऑफिस बना लिया है,ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री से मिलने उनके ऑफिस पहुंची फैशन डिजाइन के क्षेत्र में मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस उफी जावेद की बहन उरूसा जावेद और बॉलीवुड एक्ट्रेस खुशी मुखजी ने ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री से मिलकर अपना भविष्य जाना।इस दौरान डॉ राम सियासन शास्त्री से बॉलीवुड एक्ट्रेस ने अपने जीवन में और समाज में मिल रही उपलब्धियों के बारे में चर्चा की ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री ने दोनो बॉलीवुड एक्ट्रेस को अपनी ज्योतिष की विद्या से उनके भविष्य के बारे में जाना और उन्हें उनके आने वाले भविष्य में घटने वाली घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी,बॉलीवुड एक्ट्रेस ने उनके द्वारा पूर्व में की गई भविष्यवाणी को सही बताते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार व्यक्त किया।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत पुलिसकमिर्यों द्वारा श्रमदान करते हुए थाना परिसर, कार्यालय भवन, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात एवं आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई। कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर परिसरों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया। अभियान का उद्देश्य पुलिस विभाग में स्वच्छ,अनुशासित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित करना तथा स्वच्छता ही सेवा के संदेश को आत्मसात करना है। इस अवसर पर सभी पुलिसकमिर्यों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास नियमित स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, अतः सभी थाना एवं कार्यालय परिसरों को सदैव साफ-सुथरा रखा जाए। यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

## पति के आत्महत्या करने में प्रेमी के साथ पत्नी गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रामदेव ने अपनी पत्नी को प्रेमी राजू के साथ आपत्तिजनक स्थित में देख लिया और दोनों की रासलीला का विरोध किया इसी बात को लेकर युवक की पत्नी व प्रेमी रामू द्वारा युवक को जान से मारने की धमकी दी गयी एवं उसका उत्पीड़न करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया गया जिसके कारण परेशान होकर युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर लिया गया मौत के बाद मामले की सूचना मृतक के भाई रघुनाथ पुत्र भुलई निवासी ग्राम नीबीशाना थाना चरवा ने15.12.2025 को थाना चरवा पर दिया तहरीर के आधार पर थाना चरवा में मु0अ0सं0 248/2025 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत हुआ इसी क्रम में थाना चरवा पुलिस ने उक्त अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों रामू पुत्र गनेश वा सविता देवी पत्नी स्व0 रामदेव निवासीगण नीबीशाना थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं।

## सांगीतिक नाट्य कार्यक्रम रसराज फाल्गुन का कार्यक्रम आयोजित

**कौशांबी।** स्वर्ग रंगमंडल प्रयागराज द्वारा भारतीय लोकसंस्कृति विशेषतः ब्रज की सांगीतिक परंपराओं राधाह्रकृष्ण की रासलीला एवं फागुन उत्सव की लोकधारा पर आधारित एक भव्य सांगीतिक नाट्य प्रस्तुति ह्यरसराज फाल्गुनह्नका आयोजन दिनांक 22 मार्च, 2026 को अपराह्न 3:00 बजे उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के सभागार में आयोजित होगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय लोककलाओं के संरक्षण,संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के साथ-साथ नई पीढ़ी को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। कार्यक्रम में ब्रज संस्कृति फागुन उत्सव तथा राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम पर आधारित सांगीतिक नाट्य, लोकगीत एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी।

# प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा कौशाम्बी के जिला पदाधिकारियों की जारी की सूची

## भाजपा की नई टीम सामाजिक समरसता जनसेवा को प्राथमिकता देगी व विकास और सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाएगी : धमर्राज मौर्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भाजपा पाटी के काय र्कर्ताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही बताया कि भाजपा की नई टीम में संगठन को मजबूत करने पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है,घोषणा के साथ ही कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है नई टीम में अनुभवी व युवा चेहरों को भी मौका मिला है। कई पुराने कार्यकर्ताओं को भी मौका मिला है,कई नए चेहरे व महिला और युवाओं को विशेष प्रतिनिधित्व दिया गया है। यह टीम न केवल पाटी कार्यकताओं की मेहनत का सम्मान है बल्कि भविष्य की रणनीति का मजबूत आधार भी है। साथ ही यह टीम जनता के विश्वाश को और मजबूत बनाए का कार्य करेगी संगठन की जड़ों को और गहरा करने में यह टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ऐसी तमाम बातों के साथ पुनः शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा जिला कार्यसमिति हुई घोषणा

**कौशांबी** प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति उपरांत जिला कार्यसमिति की घोषणा हुई है प्रदीप पाण्डेय (शीलू).जिला उपाध्यक्ष वा भूपेन्द्र पटेल.जिला उपाध्यक्ष वा संजय जायसवाल जिला उपाध्यक्ष वा चक्रेश मिश्र.जिला उपाध्यक्ष वा भोलेशंकर कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष वा विनीता गुप्ता.जिला उपाध्यक्ष वा नितिन पासी.जिला उपाध्यक्ष वा कमलेश निषाद जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं राकेश पाण्डेय.जिला महामंत्री वा जगदीश सरोज.जिला महामंत्री वा ज्योति केशरवानी जिला महामंत्री बनाए गए हैं भाष्कर सिंह जिला मंत्री वा नरेन्द्र सिंह पटेल जिला मंत्री वा ब्रजेश लोधी जिला मंत्री वा अर्चना चौरसिया जिला मंत्री वा फूलमती पासवान जिला मंत्री वा विजय सिंह पाल जिला मंत्री वा दिनेश सोनकर जिला मंत्री वा दिनेश पाण्डेय जिला मंत्री बनाए गए हैं आशीष केशरवानी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

# गरीबों को नहीं अमीरों को मिलने लगा है प्रधानमंत्री आवास

## अमीरों को आवास देने की आड़ में विभागीय अधिकारी वसूलते हैं मोटी रकम

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** गरीब कमजोर मजलूम आवास विहीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की योजना पर विभागीय अधिकारियों की डकैती बंद होती नहीं दिख रही है जिससे गरीब कमजोर मजलूम प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के लिए सरकारी कार्यालय का चक्कर काटते रहते हैं और अधिकारियों की जेब भरकर के अमीर लोग फजी तरीके से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठा रहे हैं जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरियावा में आवास वितरण में जमकर धांधली हुई है गांव के सवारी देवी पत्नी लल्ला यादव के पास राजस्व अभिलेखों में 7 बीघा मखेत पंजीकृत है 7 लाख रुपए कीमत का ट्रैक्टर भी मौजूद है इनका बेटा दूध का बड़ा कारोबारी है गांव से लेकर जिले तक दूध की सप्लाई होती है लाखों रुपए महीने की की कमाई होती है महिला के पास गांव में दो मंजिल का आलीशान घर बना हुआ है जिसमें महिला रहती है इसके अलावा भी महिला के पास गांव में पक्के मकान बने हुए हैं खेत में समरसेबल लगाया गया है जिससे खेतों की सिंचाई कर- के लाखों रुपए की कमाई होती है महिला के अमीरी के साधन बताने के लिए इतना पर्याप्त है महिला की उम्र भी अधिक हो गई है गांव के लोगों ने बताया कि 75 साल उम्र है लेकिन उसके बाद भी महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना की कॉलोनी दे दी गई है इसी गांव की बिट्टन देवी उम्र लगभग 85 वर्ष पत्नी सुंदरलाल 8 बीघा इसके पास जमीन है जिसकी करोड़ों में कीमत है 8 लाख रुपए कीमत का इसके पास ट्रैक्टर ट्राली है जिससे लाखों रुपए की कमाई होती है इसका पोता सरकारी विद्यालय का अध्यापक है इतना ही नहीं गांव में एक नहीं दो नहीं तीन नहीं चार-चार पक्के मकान बने हुए हैं जिनकी करोड़ों में कीमत है सारी सुख सुविधाएं मौजूद हैं जो महिला के धनवान होने का प्रमाण देने के लिए पर्याप्त है लेकिन उसके बाद भी महिला को गरीब बता करके प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया गया है। गांव की विधवा सावित्री देवी के पति हरिराम पटेल एयरफोर्स में नौकरी करते थे हरिराम की मौत के बाद उनकी विधवा पत्नी को एयरफोर्स से प्रत्येक महीने पेंशन मिल रही है गांव में पक्के घर बने हुए हैं पांच बीघा से अधिक गांव में खेत है जिसकी करोड़ों रुपए कीमत है गांव में आलीशान पक्के घर बने हुए हैं पुत्रवधू स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर कार्य करके मोटा वेतन उठा रही है संयुक्त परिवार है बेटा कमलेश पटेल पिछले पिछले 15 20 वर्षों से गांव के प्रधान का प्रतिनिधि बन करके करोड़ों का घोटाला कर चुके हैं संपन्नता में कोई कमी नहीं है लेकिन उसके बाद भी इस विधवा महिला को गरीब साबित करके प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया गया है जिससे सरकार की चौपट व्यवस्था और सरकारी अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है प्रधानमंत्री आवास में धांधली का यह तो कुछ उदाहरण मात्र है पूरे जिले की ग्राम पंचायत में इस तरह से विकास भवन के अधिकारियों की संलिप्तता से प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लोगों के चयन में बड़ी धांधली हेरा फेरी हुई है। योजना के पात्र गरीब कमजोर मजलूम प्रधानमंत्री आवास पाने के लिए सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं और अमीर धनवान प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठा रहे हैं जिससे गरीबों के सामने आज भी दो कमरे के पक्के मकान की मुसीबत खड़ी है।

## न्यूज झरोखा

### नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान



**कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य द्वारा अपने विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले उचित दर विक्रेताओं एवं कामिर्कों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उचित दर विक्रेता नीरज देवी एवं सोनिया देवी को उनके द्वारा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभागीय कामिर्को दिनेश सिंह, संदीप कुमार एवं बद्री प्रसाद को भी उनके कर्तव्यनिष्ठ एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी सम्मानित व्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि जन वितरण प्रणाली को सुदृढ़ एवं पारदशी बनाने में इनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कमर्चारियों एवं विक्रेताओं से अपेक्षा की है कि वे इसी प्रकार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराते रहें।

### मनौरी निवासी रजत केशरवानी दो दिन से लापता



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तहसील चायल अंतर्गत महमूदपुर मनौरी के रजत केशरवानी उर्म 23 वर्ष पुत्र कमलेश केशरवानी 20/03/2026 को घर से बाहर निकला था लेकिन आज दो दिन बीत जाने पर रजत केशरवानी घर वापस लौटकर नही आया। रजत के वापस न लौटने से परिवार के लोग परेशान हैं परिवार के लोगों ने थाना पिपरी में सूचना दिया है परिवार में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है किसी भी सज्जन को रजत के बारे में जानकारी मिले तो परिजनों के इस मोबाइल नंबर 89229 95687, + 919793774830 पर सूचना दे। बताया जाता है कि घर में आपसी विवाद कर-के राजत घर से नाराज होकर निकला है पाटी में जाने के लिए कह रहा था घर वाले नहीं जाने दिया उसी गुस्सा में मारपीट करके घर से निकल गया है।

### पति के होते हुए प्रेमी से विवाहिता ने लगाया दिल प्रेमी ने ठग लिया 40 हजार रुपए

**कौशांबी।** फतेहपुर जिले के खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता दलित युवती फेसबुक और इंस्टाग्राम में केन अझुवा के एक युवक से दिल लगा बैठी पति के आंखों में धूल झोंक कर दोनों के बीच प्रेम परवान चढ़ने लगा दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनने लगे और प्रेमी युगल की तरह मिलने लगे इसी बीच विवाहिता गर्भवती हो गई बताया जाता है उसका पति बाहर रहता है गर्भवती होने के बाद विवाहिता परेशान हो गई। पति के होते हुए विवाहिता ने युवक को अपना सब कुछ मान कर सब कुछ सौंप दिया और युवक के बहकावे में आकर विवाहिता ने अपने घर के जेवर नगदी अपने प्रेमी को दे दिया बताया जाता है कि प्रेमी सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन अझुवा का रहने वाला है जब प्रेमी से बातचीत बंद हुई तो विवाहिता अपने प्रेमी के घर अझुवा पहुंच गई जहां घर पर प्रेमी से विवाहिता की मुलाकात नही हुई जिस पर विवाहिता फरियाद लेकर पुलिस चौकी अझुवा पहुंची जहां विवाहित को न्याय देने के बजाय पुलिस कर्मियों ने उसके साथ भद्दे भद्दे मजाक करना शुरू कर दिया विवाहिता को तीन दिन का समय दिया गया कि प्रेमी को पकड़ लेंगे लेकिन तीन दिन बाद विवाहिता जब चौकी पुलिस के पास पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने फिर बहाना बाजी शुरू कर दिया इतना ही नही विवाहिता को पुलिसकर्मियों ने सलाह देना शुरू कर दिया कि दवाई खा ले अबॉर्शन हो जाएगा पेट का बच्चा गिर जाएगा पुलिस कर्मियों की मजाक की हद तो तब हो गई जब फरियाद लेकर पहुंची युवती से पुलिस कर्मियों ने कहा कि क्या हम पसंद नहीं है इस बात का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है प्रेमी को दिल देने वाली विवाहिता युवती ने बताया कि युवक ने तमाम तरह का झांसा देकर उसके साथ मनमजी करने के बाद 40 हजार रुपए भी ले लिया और अब आना-कानी कर दिया पुलिस के पास युवती जाती है तो पुलिस हंसी मजाक करते हुए कहती है कि क्या हमारा नंबर लेकर के हमसे बात नहीं कर सकती हो।

## सम्पादकीय

### राजस्थान का लोकोत्सव है गणगौर पर्व

**राजस्थानी** परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीघार्यु और आरोग्य की प्राप्ति होती है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है।

# कहां गुम हो गया वो भारत



**सर्वमित्रा सुरजन**

**सरकार** तो अपने दायित्व से पूरी तरह चूक गई है, लेकिन समाज भी क्या खुद को राजनीति के मंच की तरह इस्तेमाल होने देगा, ये भारत की आम जनता को सोचना होगा। कुछ साल पहले तक ईद और दीवाली दोनों की खुशियां एक जैसी देश भर में पसरी होती थीं और नागरिकों के बीच आपसी हेलमेल खुलकर नजर आता था। अब वो भारत कहां गुम हो गया है।

मिल के होती थी कभी ईद भी दीवाली भी,
अब ये हालत है कि डर डर के गले मिलते हैं।

न मालूम ये पंक्तियां किसने लिखी हैं, लेकिन आज के माहौल में यह बिल्कुल सटीक बैठती हैं। हालांकि ईद के मुबारक मौके पर ऐसी पंक्तियां साझा करते हुए दुख भी हो रहा है, लेकिन हकीकत से मुंह चुरा कर हम कहां जाएंगे। त्योहार शब्द के साथ खुशी शब्द चस्पां हुआ करती थी, लेकिन बीते 12 सालों में अब त्योहार की परिभाषा और मायने भी बदले जा चुके हैं। जिन के पास धन-संपत्ति है, समाज में ताकत है, उनके लिए सारे त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन साधारण लोगों के लिए परेशानियां और तनाव त्योहार के सहउत्पाद (बायप्रोडक्ट) की तरह साथ चले आते हैं। उस पर भी अगर अल्पसंख्यकों के त्योहारों का वक्त आए, तो तनाव की रेखा कुछ ज्यादा गहरी और लंबी हो जाती है।

बहुसंख्यक हिंदुओं को मोदी शासनकाल में यही पाठ पढ़ा दिया गया है कि अपने त्योहार की खुशी भी आप तभी सही तरीके से मनाएंगे, जब अल्पसंख्यकों को परेशान करेंगे। इसलिए होली हो या दीवाली, रामनवमी हो या हनुमान जयंती, मुसलमानों और ईसाइयों को चिढ़ाना कुछ लोगों ने अपना सच्चा धर्म बना लिया है। मंदिर में भजन-कीर्तन की जगह मस्जिदों या चर्चों के सामने ढोल बजाकर गाने-बजाने से ही भगवान सुनेंगे, ऐसा इन्हें लगता है। और जब मौका ईद या क्रिसमस का आए, तो अल्पसंख्यकों को उनकी हदों में रहकर त्योहार मनाने की चेतावनी दी जाती है, मानो ये देश उनका नहीं है।

अभी क्रिसमस पर ही देश ने देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी तो दिल्ली में चर्च जाकर बधाई दे रहे हैं, लेकिन मोदी को आदर्श मानने वाले लोगों ने देश के कई हिस्सों में चर्च में तोड़-फोड़ की या चर्च परिसर में बैठकर हनुमानचालीसा का पाठ किया। हैरानी की बात ये है कि ऐसा करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की खबर भी पूरी नहीं आती है। दिखाने को एकाध एफआईआर दर्ज हो भी जाए, तो आगे उन्हें सजा मिली या नहीं, ये कभी पता नहीं चलता। बाकी अल्पसंख्यकों को तो बिना कसूर के भी सजा देने का काम पुलिस से पहले उन्मादी भीड़ कर ही लेती है। कभी गो मांस के शक में, कभी गोतस्करी के शक में जो भीड़ द्वारा हत्याएं की गई हैं, वो इसका उदाहरण है। भीड़ तो उन्माद से संचालित हो जाती है, मगर ज्यादा दुख ये देखकर होता है कि अब अक्सर प्रशासन भी इसी तरह का उन्मादी व्यवहार दिखाने लगा है। कुछ समय पहले उत्तरप्रदेश में कुछ मुसलमानों को महज इसलिए कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा क्योंकि वे खाली घर में नमाज पढ़ रहे थे। कई बार खुले में नमाज पढ़ने को लेकर भी मुसलमानों को चेतावनी दी जा चुकी है। जबकि पांच वक्त की नमाज के पाबंद लोग अगर घर पर या मस्जिद के पास न हुए, तो किसी खाली जगह को देखकर कुछ मिनटों की नमाज पढ़ लें तो उसमें कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। जब एयरपोर्ट पर गरबा हो सकता है, या क्लबों में भजन हो सकते हैं, तो नमाज क्यों नहीं पढ़ी जा सकती। लेकिन धर्म को खतरा बताकर जिस तरह लोगों के दिल-दिमाग पर ताले लगा दिए गए हैं, उसके बाद किसी भी समझदारी की उम्मीद करना बेमानी हो चुका है।

हाल ही में उत्तरप्रदेश के संभल में मस्जिद में नमाजियों की संख्या 20 तक सीमित करने का आदेश प्रशासन ने दिया। यहां अच्छी बात यह रही कि इस आदेश को रद्द करते हुए जिलाधिकारी और एसपी को कड़ी फटकार लगाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य का कर्तव्य है, और अगर अधिकारी इसे नहीं संभाल सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए या ट्रांसफर करवा लेना चाहिए। काश कि अदालतें ऐसी ही सख्ती धर्मांधता को बढ़ावा देने वाले तमाम प्रकरणों पर ले तब शायद समाज का माहौल थोड़ा सुधरे। क्योंकि समाज में नफरत किस कदर फैल चुकी है, इसके कुछ भयावह उदाहरण रमजान में ही देखने मिले। पुणे में रोजा तोड़ रहे मुस्लिम युवकों के एक समूह पर भीड़ ने हमला किया, जिसमें कम से कम पांच लोग घायल हो गए। बिहार के मधुबनी जिले में एक मुस्लिम महिला, रोशन खातून को कथित तौर पर एक स्थानीय नेता से शिकायत करने के बाद भीड़ ने खंभे से बांधकर पीटा, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। आरोप है कि उसे पानी मांगने पर पेशाब पीने के लिए मजबूर किया गया। इस खबर को सुनकर ही दिल भीतर तक दहल गया कि आखिर दूसरे धर्म से नफरत करने में क्या अब हिंदुओं को रक्तपिपासु राक्षसों में तब्दील कर दिया गया है। एक घटना पंजाब के लुधियाना से सामने आई, जहां एक निजी विश्वविद्यालय में कश्मीरी मुस्लिम छात्रों ने शिकायत की कि उन्हें सहरी के लिए बासी/ठंडा खाना और इफ्तारी के लिए खजूर की जगह केला दिया गया। विरोध करने पर उन्हें कथित तौर पर धमकाया गया। वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार करने के दौरान चिकन बिरयानी खाने और हड्डियां नदी में डालने की शिकायत पर पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद, बनारस के संयुक्त सचिव एसएम यासीन का कहना है कि कुछ जाहिल नाव पर रोजा इफ्तार कर रहे थे। इस्लाम में इसके लिए कहीं जगह नहीं है। इफ्तार एक शुद्ध धार्मिक कार्य है। यह कोई सैर या पिकनिक नहीं है। इफ्तार के बाद तुरंत मगरिब की नमाज जरूरी है। इन जाहिलों को इनके घरवालों ने क्या सिखाया है? इस्लाम को बदनाम करने का मौका दिया है। इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

गंगा नदी पर इफ्तार के इस प्रकरण पर अब पुलिस जांच कर रही है और दोषियों को कानून के हिसाब से ही सजा मिलनी भी चाहिए। लेकिन इसे सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के मौके की तरह इस्तेमाल करना गलत होगा। जिस तरह से एस एम यासीन ने इस घटना की निंदा की है, वैसा ही व्यवहार तमाम हिंदू धर्मगुरुओं से भी अपेक्षित है कि वे अपने ओहदे का इस्तेमाल धर्म की सही सीख देने में करें और धर्म की आड़ लेकर जो लोग कानून हाथ में लेते हैं और अल्पसंख्यकों को धमकाते हैं, उनकी निंदा करें।

वैसे इस मामले में सबसे बड़ी अपेक्षा तो सरकार से ही है, क्योंकि देश चलाने का जिम्मा उसी पर है। मगर मोदी सरकार कम से कम इस मामले में पूरी तरह पथभ्रष्ट है। भारत में सांप्रदायिक नफरत के आंतरिक मामले हों या विदेशों की घटनाएं, सरकार बड़े सुविधाजनक तरीके से अपना पक्ष चुन रही है, जो ठीक नहीं है।

अफगानिस्तान के एक नशामुक्ति वाले अस्पताल पर पाकिस्तान ने हमला किया, जिसमें कम से कम 4 सौ लोग मारे गए। इस घटना पर कुछ ही घंटों में मोदी सरकार ने प्रतिक्रिया दी और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला बताया। अस्पताल पर हमले को युद्धविरोधी काम कहा और साथ ही याद दिलाया कि रमजान के पवित्र माह में यह हिंसा की गई है। लेकिन इसी मोदी सरकार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत कई लोगों की हत्या पर प्रतिक्रिया देने में कई दिन लग गए। बल्कि नरेन्द्र मोदी ने तो अब तक खामेनेई की मौत पर शोक का एक शब्द भी नहीं कहा है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने रमजान के मौके पर ही युद्ध छेड़ा था, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने उस पर भी कुछ नहीं कहा। मंगलवार को ईरान की सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी की हत्या की गई, मोदी फिर भी चुप रहे। दूसरी तरफ उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की और उन्हें ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही यूएई में युद्ध में मारे गए नागरिकों के लिए शोकसंवेदना प्रकट कर हमलों को गलत बताया।

हालांकि आम नागरिकों की जान ईरान में भी जा रही है और फिलीस्तीन में भी। बल्कि युद्ध पीड़ित इन देशों में ईद की सारी खुशियां बारूदी गंध की चपेट में आ चुकी हैं। अपनों की कब्र खोदते हुए लोग किस तरह ईद की मुबारकबाद का आदान-प्रदान कर सकते हैं। इस बेहद बुरे दौर में अगर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेश नीति में चयनित संवेदनशीलता नहीं दिखाते और भारत के पुराने रसूख का इस्तेमाल करके हर तरह के युद्ध को रुकवाने की पहल करते, तब तो वाकई ईद की खुशियां दिल से जाहिर होतीं।

बहरहाल, सरकार तो अपने दायित्व से पूरी तरह चूक गई है, लेकिन समाज भी क्या खुद को राजनीति के मंच की तरह इस्तेमाल होने देगा, ये भारत की आम जनता को सोचना होगा। कुछ साल पहले तक ईद और दीवाली दोनों की खुशियां एक जैसी देश भर में पसरी होती थीं और नागरिकों के बीच आपसी हेलमेल खुलकर नजर आता था। अब वो भारत कहां गुम हो गया है, ये समाज को सोचना होगा।

# एलपीजी संकट पर मोदी सरकार का शुतुरमुर्गी रवैया

**अनिल जैन**



**दरअसल** भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया।

देश में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर चौतरफा हाहाकार मचा हुआ है। यह हाहाकार बिल्कुल वैसा ही है जैसा छह साल पहले 2020 से 2021 के दौरान कोरोना महामारी के चलते अस्पतालों में इलाज और ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर मचा था, जिसमें 50 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। यह हाहाकार वैसा ही है जैसा दस साल पहले नोटबंदी के समय नोट बदलवाने के लिए मचा था और 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इस समय ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध के चलते रसोई गैस सिलेंडर को लेकर भी पूरा देश हलाकान है। गैस एजेंसियों के दफ्तरों और गोदामों पर लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। कतारों में खड़े लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। लोग खाली गैस सिलेंडर लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। 'आपदा में अवसर' तलाशते हुए गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी भी जोरों पर हो रही है।

इस सबके बावजूद न तो केंद्र सरकार और न ही भाजपा शासित राज्यों की सरकारें यह मान रही हैं कि देश में गैस सिलेंडरों की किल्लत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और असम में धुआंधार दौरे करते हुए चुनावी रैलियों में रसोई गैस के संकट को नकारते हुए कह रहे हैं कि 'देश में रसोई गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है।' अपनी हर गलती और असफलता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराने के अभ्यस्त मोदी इस गैस संकट से लोगों को हो रही परेशानी के लिए भी कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वे कांग्रेस पर अफवाहें फैलाने और लोगों को डराने का आरोप लगा रहे हैं। राजनीतिक पार्टी विश्लेषण

मजेदार बात यह है कि मोदी एक तरफ तो किसी तरह का संकट होने की बात से ही इनकार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे यह भी कह रहे हैं कि, 'जिस तरह भारत से कोरोना महामारी के चलते पैदा हुए संकट से उबरा था, उसी तरह एलपीजी के संकट से भी उबर जाएगा।' सवाल है कि जब आप संकट मान ही नहीं रहे हैं तो फिर किस संकट से उबरने की बात कर रहे हैं? कोरोना महामारी के दौरान पूरे देश ने देखा है कि किस तरह लोग समुचित इलाज के अभाव में मर रहे थे, अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों की कतारें लगी हुई थीं, ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए लोग मारे-मारे घूम रहे थे, शमशान घाटों में शवों के अंबार लगे हुए थे, गंगा और यमुना नदी में लाशें तैर रही थीं, नदियों के तटों पर पड़े शवों को गिद्ध, चील-कौवे और कु त्ते नोंच रहे थे, महानगरों और बड़े शहरों में काम करने वाले प्रवासी मजदूर भूखे-प्यासे अपने बच्चों के साथ अपने घर-गांव लौटने के लिए सैकड़ों-हजारों किलोमीटर का पैदल सफर कर रहे थे और इस सबके बीच प्रधानमंत्री मोदी लोगों से ताली-थाली बजवा रहे थे, मोमबत्ती और दीये जलवा रहे थे। यही नहीं, इस पूरी दर्दनाक स्थिति के प्रति बेपरवाह होकर वे पश्चिम बंगाल में चुनावी रैलियां व रोड शो भी कर रहे थे और बेहद भौंडे अंदाज में 'दीदी ओ दीदी' करते हुए ममता बैनर्जी की खिल्ली उड़ा रहे थे। अभी जब देश रसोई गैस के संकट से जूझ रहा है तब भी मोदी खुद को चुनाव प्रचार में झोंके हुए हैं।

केंद्र सरकार की ओर से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा से बीते एक सप्ताह में तीन बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करा कर यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि सब कुछ सामान्य है, देश में गैस की कोई कमी नहीं है और सरकार ने गैस उत्पादन बढ़ाने के आदेश भी दे दिए हैं। कुल मिलाकर मोदी, उनकी सरकार और

# पश्चिम बंगाल में चुनावी लोकतंत्र को असली मतदाताओं का नाम काटने से खतरा

**नीलोत्पल बसु**



'**भारत** के विचार' को आगे बढ़ाना ही संविधान द्वारा ईसीआई को सौंपा गया मुख्य कार्य था। दुर्भाग्य से, 'भारत के विचार' के लिए मौजूदा खतरा ठीक इसी जगह से पैदा हो रहा है। इस खतरे के मूल स्रोत को लेकर कोई बहस नहीं हो सकती। यह 'हिंदुत्व' का विचार है जो नागरिकों के बीच उनकी अलग-अलग धार्मिक पहचान के आधार पर भेदभाव करता है।

भारत का विचार सावरकर की हिंदुत्व विचारधारा द्वारा बुनी गई काल्पनिक कहानियों से नहीं बना था। इसे ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को हटाने के लिए राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में बहाए गए खून और पसीने से आकार मिला था। जाहिर है, इस विचार ने एक अलग ही कार्यप्रणाली तय की, जिसने 26 जनवरी, 1950 को लागू हुए संविधान के बुनियादी स्तंभों को बनाने में योगदान दिया।

बुनियादी बातें क्या थीं? आर्थिक और राजनीतिक संप्रभुता और उपनिवेशवाद से मुक्ति की ओर बढ़ना स्वतंत्रता संग्राम का ही एक स्वाभाविक विस्तार था। इसे धर्मनिरपेक्ष होना था, ताकि लोगों को अपनी पसंद का धर्म मानने की आजादी और समानता मिल सके। इसे लोकतांत्रिक होना था, जिसके बिना कमजोर और ताकतवर लोगों के बीच की गहरी खाई, और धन व अवसरों में मौजूद भारी असमानता को पाटा नहीं जा सकता था। इसे संघीय होना था, ताकि कई राष्ट्रीयताओं, संस्कृतियों, भाषाओं, खान-पान और पहनावे की महान विविधता को सुरक्षित रखा जा सके। वह एक ऐसी विविधता थी जिसे हिंदुत्व द्वारा अपनाई जाने वाली एकध्रुवीय, एक-आयामी और संकीर्ण सोच के जरिए न तो समझा जा सकता था और न ही सुलझाया जा सकता था।

जाहिर है, भारत का जो विचार संविधान ने स्थापित किया, वह किसी नव-फासीवादी कार्यप्रणाली पर नहीं चल सकता था। भारत का विचार इस सिद्धांत पर आधारित था कि अलग-अलग तरह के लोग एक समान और साझा नागरिकता के साथ रहें।

इसका सीधा सा मतलब है कि ऐसा विचार 'सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार' के सिद्धांत पर आधारित होना जरूरी था, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को देश का हिस्सा होने का समान अधिकार मिले। एक 'राष्ट्रीय भाषा' या एक 'राष्ट्रीय धर्म' का विचार संविधान की परिकल्पना से कहीं बाहर था। पश्चिमी लोकतंत्रों की सोच के विपरीत, भारत में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार और चुनावी लोकतंत्र को ही अपनाया जाना था। लेकिन अगर ऐसा न किया जाता, तो एक साझा और सामूहिक अस्तित्व में भारत की एकता खतरे में पड़ सकती थी।

इस कार्यप्रणाली का मुख्य आधार एक मजबूत और संवैधानिक रूप से अधिकार प्राप्त 'भारतीय चुनाव आयोग' (ईसीआई)था, जो इस प्रतिनिधि लोकतंत्र को सुनिश्चित करे और उस पर निगरानी रखे। यह भी पूरी तरह से स्पष्ट है कि ईसीआई के लिए हर असली नागरिक को वोटर लिस्ट में शामिल करना एक 'कर्तव्य' था, न कि कोई 'उपकार'। इसलिए, मतदाता सूची तैयार करने का काम ईसीआई का था, न कि किसी आम नागरिक का।

'भारत के विचार' को आगे बढ़ाना ही संविधान द्वारा ईसीआई को सौंपा गया मुख्य कार्य था। दुर्भाग्य से,

## सोशल मीडिया की खबर का जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान,गैस एजेंसी पर संयुक्त छापेमारी



**सुल्तानपुर-डीएम** के निर्देश पर गैस एजेंसी पर संयुक्त छापेमारी। दस्तावेजों की हुई जांच।सोशल मीडिया पर सामने आई शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर एसडीएम (सदर) विपिन द्विवेदी एवं जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्य द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बस अड्डा स्थित अमेठी गैस सर्विस के कार्यालय एवं गोदाम पर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर सहित सभी आवश्यक अभिलेखों की गहन जांच की। साथ ही जिन उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग दर्ज थी,उनके मोबाइल नंबरों पर फोन कर गैस आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। उपभोक्ताओं से यह भी पूछा गया कि उन्हें समय पर गैस सिलेंडर मिल रहा है या नहीं तथा डिलीवरी के दौरान किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है।

## क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी की मिलीभगत से जिले में अवैध प्रैक्टिस का खेल, सीएमओ के सख्त निर्देश के बाद होगा फेल




**सुलतानपुर। जनपद** में आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी की कथित मिलीभगत से बिना मान्य डिग्री और पंजीकरण वाले लोग डॉक्टर बनकर खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं।मामले ने तूल तब पकड़ा जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भरत भूषण ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने बिना वैध पंजीकरण और आयुष डिग्री के प्रैक्टिस करने वालों की जांच कर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। सीएमओ के निर्देशों के बावजूद विभाग की लंबे समय तक निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं, जिसके चलते अवैध प्रैक्टिस का नेटवर्क लगातार फलता-फूलता रहा।हालांकि अब विभाग ने अचानक सक्रियता दिखाते हुए अपंजीकृत चिकित्सकों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। संदिग्ध रूप से प्रैक्टिस कर रहे लोगों को एक महीने के भीतर अपना पंजीकरण कराने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

## युवा प्रतिभाओं को पूर्व मुख्यमंत्री से मिला सम्मान



**सुलतानपुर। समाजवादी** विचारधारा के प्रमुख नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर युवा खिलाड़ियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनके निर्देश पर समाजवादी युवजनसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनाथ बिन्द द्वारा सुलतानपुर के होनहार खिलाड़ी व धर्मेंद्र निषाद (पत्रकार) के भतीजेअर्पित निषाद को उनके कोच शुभम धुरिया तथा उनके परिवार (माता एवं चाचा) को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समारोह लखनऊ में आयोजित किया गया, जहाँ सभी को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।इस दौरान अर्पित निषाद को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ?51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनका उत्साह बर्धन किया गया। कोच शुभम धुरिया ने जानकारी दी कि अर्पित निषाद ने 31 जनवरी, 1 व 2 फरवरी 2026 को सुलतानपुर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग (51 किलोग्राम भार वर्ग, बॉक्सिंग) में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है। अब वे 24, 25 व 26 अप्रैल 2026 को बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाली एशियाई आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत जल जागरूकता रैली का आयोजन।



**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत आज दिनांक 22/03/2026 को शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचावे दिन कार्यक्रम स्थल शहीद पार्क ( तहसील ) तक जल जागरूकता रैली निकाली गई. जिसमें स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं के द्वारा जल संरक्षण अभियान की रैली निकाली गई. शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. अरूण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिभाग कर रहे छात्र- छात्राओं को जल संरक्षण के महत्व समझाते हुए जल संरक्षण की दिशा में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधवम सिंह के द्वारा दो यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर का संचालन किया जा रहा है। अंत में ह्लजल संरक्षणः वर्तमान दशा और दिशाह्व विषय पर बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी छात्र- छात्राओं ने जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

# बुंदेलखण्ड मुक्ति मोर्चा के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आठवां दिन जारी

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में पाठा क्षेत्र की मूलभूत जन समस्याओं को लेकर लगातार आठवां दिन अनशन जारी है। जिसमें पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार व विभिन्न जनसमस्याओं के लेकर क्रमिक अनशन के पांचवे दिन एसडीएम पूजा साहू, तहसीलदार व सीओ शहर द्वारा अनशन स्थल पर जाकर वातार्लाप की गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा कहा गया कि हम समस्याओं को विभाग के समक्ष अवगत कराएंगें। इस पर बुंदेलखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष प्रखर पटेल ने कहा, कि इसके पहले भी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन उसके बाद भी कोई प्रक्रिया नहीं दी गई। बताया कि इनकी प्रमुख मांगों में देवांगना घाटी से ददरी मारकुण्डी संपर्क मार्ग का चैड़ीकरण है, जिससे पाठा के गांव भी शहर की मुख्य धारा से जुड़ सकें। साथ ही कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगीं तब तक घर वापसी नहीं होगी।

वातार्लाप के दौरान प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही न करने के चलते मोर्चा के सभी सदस्यों द्वारा ये निर्णय लिया गया कि क्रमिक अनशन को अनवरत जारी रखा जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी मुकेश कुमार, मीरा भारती, दिनेश पटेल, संदीप, संजय, चन्दशेखर, धर्मेंद्र कुमार भास्कर, मुकेश सिंह, विपिन, अजय, प्रदीप व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## पुलिस टीम ने 2 अभियुक्ता को 8 किलो 130 ग्राम अवैध सूंखा गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक यदुवीर सिंह चैकी प्रभारी सीतापुर व उनकी टीम द्वारा अभियुक्ता कु. ताराबाई पुत्री शोभानाथ निवासी सिंगीवहार थाना जसपुर जिला जसपुर छत्तीसगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष से एक ट्राली बैंग में 4 किलो 100 ग्राम गांजा व दूसरी अभियुक्ता कु. अमृता पैकरा पुत्री शशिकुमार निवासी थाना लहलूंगा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष से एक ट्राली बैंग में 4 किलो 30 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्ता के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में प्रयुक्त धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चैकी प्रभारी सहित आरक्षी अभिषेक प्रताप, आरक्षी अनुज यादव, आरक्षी नागेश कुमार व महिला आरक्षी काजल यादव मौजूद रहे।

## नये बने राजाघाट में गंदगी होने पर बुंदेली सेना नें किया सफाई

**घाट की मिट्टी हटवाने और विसर्जन कुंड बनने के लिए नगरपालिका से मांग**

**चित्रकूट।** करोड़ों की लागत से बने जिस राजाघाट में गंदगी और प्रदूषण से नदी कराह रही थी, उसे बुंदेली सेना नें तीन दिन अभियान चलाकर स्वच्छ कर दिया। अब बुंदेली सेना द्वारा नगर पालिका से मिट्टी हटवाने और एक विसर्जन कुण्ड बनाने के लिए मांग रखी गई है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि नए बने घाट की दुर्दशा देखकर उन्होंने इसे साफ स्वच्छ करने का लक्ष्य रखा था। अब घाट पूरी तरह साफ हो गया है, लेकिन घाट बनाने के बाद मिट्टी नहीं हटाई गई, जिससे सीढ़ियों के नीचे दलदल है। इस मिट्टी को नगर पालिका के ईओ से हटवाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही घाट में लोग पूजन सामग्री न फेंके इसके लिए जल्द से जल्द एक विसर्जन कुंड भी बनवाये जाने की मांग की है। अजीत सिंह नें बताया कि धुस मैदान में पानी की टंकी के आसपास के घरों का गन्दा पानी नाली के जरिए घाट की ओर जाता है। इस गंदे पानी की समस्या समाधान के लिए बुंदेली सेना की मांग पर तत्कालीन जिलाधिकारी विशाख अय्यर ने नाली में फिल्टर का निर्माण करा दिया था। लेकिन घाट बनाने के समय नगर पालिका ने उस फिल्टर का आधा हिस्सा तोड़ दिया और गंदे पानी को सीधे इंटेक वेल के पास गिरा दिया है। पेयजल के पास नाली के पानी का गिरना खतरनाक है। यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं निकला तो बुंदेली सेना राजाघाट में धरना प्रदर्शन करेगी और राजाघाट के बाद बुंदेली सेना पुलघाट और फिर रामघाट में सफाई अभियान चलाएगी। लोगों से नदी को साफ स्वच्छ रखने के लिए पूजन सामग्री नदी किनारे रखने या भू विसर्जन की अपील की है। सफाई अभियान में धर्मेंद्र ओझा, चुन्नीलाल निषाद, सुरेन्द्र सिंह शेरा, रामनरेश यादव, अंकित पहरिया, कमल छबलानी आदि सहयोगी मौजूद रहे।

## 1 अप्रैल से शुरू होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

**चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन जनपद मे आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम के सफल संचालन व क्रियान्वयन के लिए अंतर्विभागीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक रविवार को मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में संपन्न करायी गयी।

बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त संबंधित विभागों को शासन द्वारा प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार समस्त गतिविधियां ससमय कराने व माइक्रोप्लान समय से उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए गए। नगर विकास विभाग व पंचायतीराज विभाग को उच्च लार्वा घनत्त्व वाले क्षेत्रों मे नियमित रूप से साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओ का छिडकाव व फागिंग आदि का कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि दस्तक अभियान के दौरान आशा व आंगनबाडी कार्यकत्री द्वारा घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों व कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्रित करेंगी। साथ ही आशाओं द्वारा घर भ्रमण के दौरान आभा आईडी बनाने का कार्य व लू से बचाव के लिए जानकारी दी जाएगी।

बैठक मे समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी डॉ. जी.आर.रतमेले, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आर.के. सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक ज्योति सिंह, प्रगति चन्देल, जयशंकर गुप्ता, एस.एम.ओ., डब्लू.एच.ओ. डॉ. श्याम जाटव, एवं अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** शासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत नौ वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों को जन सामान्य को अवगत कराए जाने के लिए रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर में स्वास्थ्य विकास कार्यक्रम से सम्बन्धित मेले व कैम्प का अयोजन किया गया।

आयोजन का शुभारम्भ पूर्व मंन्त्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद पूर्व मंन्त्री द्वारा उपस्थित जनमानस को प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत वर्षो की अभूतपूर्व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओ की समीक्षा की गई। तथा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे आर.वी.एस.के., जननी शिशु सुरक्षा योजना, जे.एस.वाई, आभा आई.डी., गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, परिवार कल्याण कार्यक्रम, दन्त चिकित्सा, एलौपैथी चिकित्सा, कुष्ठ रोग, टी.बी. कार्यक्रम आदि के स्टॉल लगाए गए, जिसमे लगभग 200 मरीजों का इलाज कर चिकित्सीय सलाह दी गई। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का शुभारम्भ आगामी 4 अप्रैल से किया जाना है, जिसमें चिकित्सा से सम्बन्धित समस्त कार्य ऑनलाइन किए जाएंगे, जिससे जनमानस को काफी लाभ होगा।

अन्त में डॉ. राजेश सिहं अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मेला कैम्प में स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर के अधिकारी व कर्मचारी सहित सी.एच.ओ. व ए.एन.एम. एवं आशाएं मौजूद रहीं।

## मेरु आकर्षणासन से नितंबों और जंघाओं को बनाए सुडौल : योगाचार्य

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** रविवार को कुबेरगंज स्थित योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने मेरु आकर्षणासन का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस योग के निरंतर अभ्यास से पूरे पैरों में रक्त संचार बेहतर कर सकते हैं, क्योंकि यह पैरों की नसों में जबरदस्त खिंचाव पैदा करता है। कमर व पैरों के बीच के संधि स्थल में लोच पैदा करता है साथ ही नितंब और जंघाओं में जमी अतिरिक्त चर्बी को कम करता है और उन्हें सुडौल, सुंदर, निरोग बनता है। पैरों की थकान मिटाकर उन्हें ऊजार्वान बनाता है। इसे करने के लिए पीठ के बल लेटते हैं और दाहिने कर-वट लेकर दाहिने हाथ को सहारा देते हुए सर को ऊपर उठाकर हथेली पर रखते हैं एवं बाएं पैर पर बाएं हाथ को रखते हैं, अब धीरे-धीरे बाएं पैर को ऊपर की ओर उठाते हुए बाएं हाथ से पैर के अंगूठे को पकड़ने की कोशिश करते हैं संभव न हो तो पिंडली या टखने को ही पकड़ते हैं और पैर को सीधा करते हुए तानते हैं, 30 सेकंड इस स्थिति में ठहरकर मूल अवस्था में वापस आते हैं। यही क्रिया दूसरी तरफ से भी करते हैं। सावधानी के तौर पर स्लिप डिस्क, सर्वाइकल समस्या या साइटिका के रोगी इसे विशेषज्ञ की देखरेख में करें।

## आपदा मित्रों ने चलाया सफाई अभियान

**चित्रकूट।** आपदा मित्र संघ के अध्यक्ष रविशंकर पांडेय के नेतृत्व में रविवार को गणेशबाग में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि आए दिन इलाके में घटनाएं होती हैं। इसकों ध्यान में रखते हुए पर्यटकों व ग्रामीणों को जागरुक किया गया। इस दौरान गणेशबाग में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर शिवम सिंह, अभिलाष, पुष्पेन्द्र, सुरेन्द्र, पंकज, आजाद, ममतेस, अनूप, सौरभ, शुभम आदि मौजूद रहे है।

## दो दिवसीय प्रवास में अजय अग्रहरि ने आमजनमानस के बीच जमीन पर बैठकर सुनीं जनसमस्याएं

**चित्रकूट।** लोगों की जनसमस्याएं सुन आमजनमानस को आश्वस्त करते हुए बांदा जिले के इटवा गांव निवासी प्रमुख व्यवसाई अजय अग्रहरि गुजरात के सूरत से चलकर आए अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान लगभग दर्जनों गांव में जाकर लोगों से मुलाकात की एवं उनकी जन समस्याओं को जमीन पर बैठकर गंभीरता पूर्वक सुनते हुए कहा कि परेशान होने की जरूरत नहीं है भाजपा सरकार आम जनमानस के हितों में नई-नई योजनाएं ला रही है और भारत सरकार प्रदेश सरकार की योजनाएं सीधे आम जनमानस तक पहुंचे यह उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार का लक्ष्य एवं दृढ़संकल्प है। इसलिए सभी की जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं को लेकर मैं बांदा और चित्रकूट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलूंगा और आपकी जन समस्याओं का निराकरण करवाना ही मेरी नैतिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि जब वह बाहर रहते हैं तो क्षेत्रीय जनता युवा पत्रकार शिवमंगल अग्रहरी से संपर्क करके अपनी समस्याएं बता सकती है। वह इन समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से कराएंगें।

# जिला कार्यसमिति घोषणा में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने दिखाई दूरदर्शिता

**सबको साथ लेकर चलने का संदेश**

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने चित्रकूट भाजपा की जिला कार्य समिति की घोषणा कर दी है। भाजपा की नई टीम में 8-8 उपाध्यक्ष और मंत्री बनाए गए हैं। साथ ही 3 महामंत्री नियुक्त किए गये हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में आलोक पांडेय, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, राजेश्वरी द्विवेदी, श्रवण पटेल, दिव्या त्रिपाठी, पुष्पराज सिंह, मनोज तिवारी व गौरव करवरिया को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार अंजू वर्मा, डॉ. अश्वनी अवस्थी व विपुल प्रताप सिंह को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा राम बाबू गुप्ता, रामबरन कुशवाहा, माया प्रजापति, सुशील द्विवेदी, अखिलेश रैकवार, जवाहर सोनी, शिवनरेश पाल व ओम प्रकाश मिश्रा को जिला मंत्री बनाया गया है। इसी क्रम में राजेश रैकवार को कोषाध्यक्ष, बृजेन्द्र शुक्ला व प्रेमलाल वाल्मीकि को सह कोषाध्यक्ष, भागवत त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी, अर्पित जायसवाल को सह मीडिया प्रभारी, राजेन्द्र अग्रहरि को कार्यालय प्रभारी, आदित्य रघुवंशी को शोसल मीडिया प्रभारी, मनीष सिंह को सह शोसल मीडिया प्रभारी एवं संजय पांडेय को आईटी प्रभारी बनाया गया है।

## न्यायालय में अपराधियों के खिलाफ हो प्रभावी पैरवी

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अक्षीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त पैरवी का कार्य देख रहे पैरोकार तथा न्यायालय के कोर्ट मुहर्रिर के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा इस गोष्ठी में इस वर्ष में हुई पैरवी के कार्यो की समीक्षा एवं आगामी एजेण्डा बिन्दुओं थाना काजलिस्ट रजिस्टर, दिनांकवार काजलिस्ट रजिस्टर, साक्षी उपस्थित रजिस्टर, पर्चा फैसला रजिस्टर, रजिस्टर आरोप तय 313 सीआरपीसी, निर्गत सम्मन दर्ज करने हेतु रजिस्टर, रिमाण्ड रजिस्टर एवं सम्मन व वारण्टी रजिस्टर तैयार करने व प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को शीघ्र सजा दिलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चिन्हित मुकदमों में शेष बचे साक्षियों को जल्द से जल्द साक्ष्य के लिए उपस्थित कराने के लिए सभी पैरोकारों एवं कोर्ट मोहर्रिरों को निर्देशित किया गया। इस दौरान मॉनीटिरिंग सेल प्रभारी प्रभुनाथ यादव, कोर्ट मोहर्रिर एवं पैरोकार मौजूद रहे।

## गौरिया में स्वामी ब्रह्मानंद निशुल्क कोचिंग सेंटर शुरू:ग्रामीण बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य की राह खुलेगी

**चित्रकूट।** मानिकपुर स्थित ग्राम पंचायत गौरिया में स्वामी ब्रह्मानंद जी की प्रेरणा से एक निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया है। बुंदेलखंड के ग्रामीण अंचल में शिक्षा की नई रोशनी फैलाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जिसका लक्ष्य गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करना है।

इस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी के प्रबंधक जागेश्वर राजपूत ने फीता काटकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी पहल बच्चों के लिए नई दिशा तय करती है और समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कोचिंग सेंटर में बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी प्रेमनारायण सिंह और राजा सिंह को सौंपी गई है, जो निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देंगे। कालीचरण सिंह राजपूत ने इस केंद्र के लिए स्थान उपलब्ध कराया है, जिससे बच्चों को पढ़ाई का अनुकूल माहौल मिल सके।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठ, हमीरपुर से आए शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन केवल शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वामी ब्रह्मानंद जी का सपना था कि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में हर बच्चा शिक्षित और आत्मनिर्भर बने।

नरेंद्र सिंह राजपूत ने आगे कहा कि यह कोचिंग सेंटर केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को साकार करने का एक माध्यम बनेगा। ग्रामीणों के सहयोग से शुरू की गई यह पहल क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व बैंक प्रबंधक ईश्वरी प्रसाद राजपूत, हजारीलाल राजपूत, किशोरी लाल, राजकरन, धनभाग सिंह, श्रीकेशन सिंह, मनराज सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवशंकर सिंह, जयनाथ सिंह, सत्यनारायण सिंह, संगम सिंह, जग्गेलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# भारत के दुश्मनों पर ईरान ने फोड़े बम, रोने लगा पाकिस्तान

**ईरान**

**मिडिल** ईस्ट में भड़की जंग थमने के बजाय और बढ़ती जा रही है। जहां इजराइल और अमेरिका ताबड़तोड़ हमले करते हुए ईरान में मौत का तांडव मचा रहे हैं तो व ईरान भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाते हुए उन्हें दहला रहा है। यही नहीं बल्कि जो मुस्लिम देश गद्दारी करते हुए नुकसान पहुंचा रहे हैं उन्हें भी ईरान अब तगड़ा सबक सिखा रहा है। इसी बीच अब ईरान ने भारत के सबसे बड़े दुश्मन और पाकिस्तान के सबसे अच्छे दोस्तों पर भीषण हमला किया है जिसने मुस्लिम देशों में भी हड़कंप मचा दिया है। दरअसल जिस बात का पाकिस्तान को डर था अब ईरान मिडिल ईस्ट में उन मुस्लिम देशों पर अटैक करते हुए उन्हें दहला रहा है।



खबर है कि ईरान ने पाकिस्तान के दोस्त अजरबैजान पर ड्रोन से हमला किया है। ईरान के इस हमले में अजरबैजान को भयंकर नुकसान हुआ है। इसमें कई लोग मारे गए हैं और इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। जिस बिल्डिंग पर ईरान ने अटैक किया है, वह बुरी तरह से तबाह हो गई। चारों तरफ मलबा ही मलबा और चीख पुकार दिखाई दे रही है। यह सब देखकर अजरबैजान तिलमिला उठा है और उसने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि इस तरह की हरकतें इंटरनेशनल कानून के नियमों और उसीलों के खिलाफ है। अजरबैजान ने औपचारिक आपत्ति दर्ज कराने के लिए ईरान के राजदूत को तलब किया है और तेहरान से घटना के हालात को तुरंत साफ करने और जवाब देने को कहा है। अजरबैजान की सरकार ने दो टूक कहा है कि हम जवाबी कारवाई करने का अधिकार रखते हैं। दरअसल अजरबैजान पाकिस्तान का दोस्त है। जबकि भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए बयान देता रहता है। अजरबैजान इंटरनेशनल मोर्चा पर पाकिस्तान का पक्ष लेता है। अजरान तुर्की और पाकिस्तान त्रिकोणीय गठबंधन बनाते हैं। कुछ ही दिन पहले ही अजरबैजान के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। कश्मीर पर अजर-बैजान भारत के हितों के खिलाफ बयानबाजी देता है। लेकिन ईरान ने अब भारत के इस दुश्मन को भी गद्दारी की सजा देनी शुरू कर दी है। अजरबैजान ही नहीं बल्कि ईरान ने भारत से गद्दारी करने वाले पाकिस्तान के एक और दोस्त तुर्की पर भी ताबड़तोड़ मिसाइलें दागते हुए तबाही मचाई है।

## अमेरिका ने गाले तट के पास ईरानी फ्रिगेट आइरिस डेना को टॉरपीडो से उड़ा दिया

**श्रीलंका**

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को संसद को बताया कि सरकार ने इस महीने की शुरूआत में दो अमेरिकी युद्धक विमानों को मट्टाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। उनके अनुसार, जिबूती में तैनात विमानों ने 4 मार्च और 2 मार्च को उतरने की अनुमति मांगी थी, लेकिन दोनों ही अनुरोध ठुकरा दिए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि तीव्र भू-राजनीतिक दबाव के बावजूद कोलंबो संतुलित विदेश नीति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के हवाले से कहा, "हम अनेक दबावों के बावजूद अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहते हैं। हम झुकेंगे नहीं। मध्य पूर्व युद्ध चुनौतियां पेश करता है, लेकिन हम तटस्थ बने रहने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिकी विमानों ने आठ-आठ एंटी-शिप मिसाइलों से लैस दो युद्धक विमान लाने की कोशिश की, जिसे श्रीलंका ने अस्वीकार कर दिया।

यह घोषणा दिसानायके की दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ हुई बैठक के बाद हुई। चर्चा प्रमुख समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बंदरगाह सुरक्षा को मजबूत करने, व्यापार सहयोग बढ़ाने और एक खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी।

श्रीलंका का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है। 4 मार्च को, अमेरिका ने गाले तट के पास ईरानी फ्रिगेट आइरिस डेना को टॉरपीडो से उड़ा दिया, जिसमें 84 नाविक मारे गए और 32 अन्य को बचा लिया गया। नौसैनिक बेड़े की समीक्षा के बाद फ्रिगेट अभी-अभी विशाखापत्तनम से रवाना हुआ था। दो दिन बाद, एक अन्य ईरानी पोत, आइरिस बुशहर, 219 नाविकों के साथ कोलंबो बंदरगाह में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों ने जहाज को त्रिंकोमाली की ओर मोड़ने का निर्देश दिया, जहां राजधानी के पास एक नौसैनिक सुविधा केंद्र में 204 नाविकों को वर्तमान में रखा गया है।

श्रीलंका ने चार दिवसीय कार्य सप्ताह की घोषणा की

इस सप्ताह की शुरूआत में, श्रीलंका ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के मद्देनजर संभावित ईंधन संकट से निपटने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में चार दिवसीय कार्य सप्ताह की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक बुधवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। वर्तमान में, द्वीप राष्ट्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है। आवश्यक सेवाओं के आयुक्त जनरल प्रभात चंद्रकीर्ति ने कहा, "18 मार्च से प्रत्येक बुधवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्वास्थ्य, बंदरगाहों, जल आपूर्ति और सीमा शुल्क पर लागू नहीं होगा, और कहा कि यह स्कूलों, विश्वविद्यालयों और न्यायपालिका पर लागू होगा।

## अमेरिका-इजरायल के रिश्तों में दरार, जंग से भागने का बहाना ढूंढ़ रहे हैं ट्रंप?

**पश्चिम एशिया**

**वेस्टर्न** एशिया की जंग में अब एक ऐसा मोड़ आ गया है जिसने पूरे खेल को बदल कर रख दिया है। जहां अब तक अमेरिका इजराइल एक साथ खड़े नजर आ रहे थे वहीं अब दोनों के बीच दरार खुलकर सामने आने लगी है। ईरान के गैस प्लांट पर हुए हमले ने इस गठबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कौन है इस हमले के पीछे अमेरिका इजराइल किसने किया वॉर? आरोप-प्रत्यारोप का ऐसा दौर शुरू हो चुका है जिसने अब दो दोस्तों में दरार पैदा कर दी है जो एक दूसरे पर उंगली उठा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि डोनल्ड ट्रंप अब इस जंग से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं।ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच जारी जंग अब और ज्यादा खतरनाक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। हमलों की तीव्रता लगातार बढ़ रही है। पश्चिम एशिया का आसमान मिसाइलों और ड्रोन से भरा हुआ है। कतर से लेकर सऊदी अरेबिया तक आग के गोले बरसने की खबरें सामने आ रही हैं। अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि गैस और तेल जैसी अहम ऊर्जा सुविधाएं भी हमलों के निशाने पर आ गई हैं। इसी बीच एक बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है।

अमेरिका इजराइल के बीच अब दरार खुलकर नजर आने लगी है। ईरान के गैस प्लांट पर हुए हमले को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। जहां पहले दोनों एक साथ खड़े नजर आते थे, वहीं अब जिम्मेदारी लेने से दोनों पीछे हट रहे हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार को ईरान की गैस फैसिलिटी पर हमला हुआ।



शुरूआती रिपोर्ट्स में इसे इजराइल का हमला बताया गया। लेकिन इजराइल ने दावा किया कि यह कारवाई अमेरिका के साथ मिलकर की गई थी। हालांकि अमेरिका ने इस दावे से साफ इंकार कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान के गैस प्लांट पर हुए हमले से उनका कोई लेना देना नहीं है और यह पूरी तरह से इजराइल की कारवाई थी। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के अधिकारियों के तौर पर खुद को इस हमले से अलग बताया गया। इजराइली सूत्र अभी भी इसे संयुक्त ऑपरेशन बता रहे हैं। यानी एक ही हमले दो अलग-अलग दावे और यही टकराव अब इस जंग की दिशा बदलने का संकेत दे रहा है। इस पूरे विवाद के बीच डोनाल्ड ट्रंप की रणनीति पर सवाल भी उठने लगे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन अब इस जंग से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रही है। कुल मिलाकर यह नया विवाद सिर्फ एक हमले की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं है।

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता के ठिकाने को लेकर बना हुआ रहस्य



**ईरान**

**ईरान** के नए सर्वोच्च नेता के ठिकाने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसी बीच, ईरानी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई का एक अज्ञात वीडियो जारी किया, जिसमें वे छात्रों के एक समूह को अरबी में 'धार्मिक विज्ञान' पढ़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक मिनट उन्नीस सेकंड का यह वीडियो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (कम्ब्क्ह) द्वारा जारी किया गया, लेकिन इसकी रिकॉर्डिंग की तारीख की पुष्टि नहीं की गई। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह एक पुराना वीडियो हो सकता है। आईआरआईबी ने पोस्ट किया, अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई द्वारा धार्मिक विज्ञान पढ़ाते हुए एक वीडियो पहली बार प्रकाशित।

अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हवाई हमले में अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद ईरान के नए सर्वोच्च नेता बने मोजतबा खामेनेई के ठिकाने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इस हमले के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया था। हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भी यकीन नहीं है कि मोजतबा जीवित हैं या नहीं, क्योंकि किसी ने उन्हें नहीं देखा है, जिसे उन्होंने असामान्य बताया। इससे पहले उन्होंने यह भी कहा था कि वेनेजुएला की तरह ही ईरान के नए नेता के चुनाव में भी उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। पिछले हफ्ते एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी नेता ने कहा कि हमें नहीं पता... कि वे जीवित हैं या मृत। बहुत से लोग कह रहे हैं ।

## ईरान पर हमला तत्काल रोकें



**रूस**

**फारस** की खाड़ी में जारी सशस्त्र संघर्ष पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, रूस ने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया है और स्थिति को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध अकारण आक्रमण बताया है। एक्स पर जारी एक बयान में, रूसी विदेश मंत्रालय ने बढ़ते तनाव के जोखिम और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को फारस की खाड़ी में जारी सशस्त्र संघर्ष और तनाव बढ़ने के जोखिम को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। ईरान और पड़ोसी अरब देशों में ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का पैमाना लगातार बढ़ रहा है। युद्धविराम की आवश्यकता पर जोर देते हुए, बयान में आगे कहा गया, हम अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध अकारण आक्रमण के परिणामस्वरूप उत्पन्न शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करते हैं। मॉस्को ने आगे कहा कि वाशिंगटन और तेल अवीव द्वारा सैन्य कार्रवाई की समाप्ति किसी भी प्रगति के लिए एक पूर्व शर्त है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इस बात पर जोर देते हैं कि पहला कदम अमेरिका और इजराइल के सैन्य अभियान का तत्काल अंत होना चाहिए। रूस ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए क्षेत्रीय और वैश्विक भागीदारों के साथ सहयोग करने की तत्परता व्यक्त की। बयान में कहा गया, रूस, चीन, तुर्की और अन्य समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ, सभी संबंधित राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए, क्षेत्र में दीर्घकालिक, स्थायी स्थिरता प्राप्त करने के उद्देश्य से, राजनीतिक और राजनयिक माध्यमों से एक समझौते को सुगम बनाने और मौजूदा मतभेदों को हल करने में मदद करने के लिए तैयार है।

## खाड़ी में 6 भारतीयों की मौत, 1 लापता, MEA ने की पुष्टि

**पश्चिम एशिया**

**विदेश** मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच खाड़ी क्षेत्र में हुई विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारतीय दूतावास सहायता और शव वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा कि कई देशों में भारतीय दूतावास लापता व्यक्ति का पता लगाने और मृतकों के शवों को भारत वापस




लाने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। महाजन ने कहा कि विभिन्न घटनाओं में दुर्भाग्यवश छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है। सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में हमारे दूतावास लापता भारतीय नागरिक के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं और मृतकों के शवों को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने आगे कहा कि खाड़ी क्षेत्र से यात्रा की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है और बड़ी संख्या में यात्री भारत लौट रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र से अतिरिक्त उड़ानों के संचालन के साथ स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। 28 फरवरी से अब तक लगभग 3 लाख यात्री इस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात की एयरलाइंस परिचालन और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सीमित गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करना जारी रखे हुए हैं।

## 3 युद्धपोत, 2500 मरीन कमांडो, अब क्या करने जा रहा है अमेरिका?

**अमेरिका**

**ईरान** और अमेरिका के बीच जारी युद्ध अब और भी खतरनाक मोड़ लेता हुआ दिख रहा है। जहां अमेरिका ईरान के ऊपर और भी भीषण हमला करने की तैयारी बना रहा है। अमेरिका ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य ताकत को अचानक से फिर से कई गुना बढ़ाने लगा है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अब तीन और युद्धपोत, हजारों संख्या में मरीन कमांडोज और अत्याधुनिक ऋ35 फाइटर जेट्स को ईरान की दिशा में रवाना कर दिया। ये तमाम नई तैनाती अमेरिका की किसी बड़ी एक्शन की तैयारी की ओर संकेत देते हैं। इसका एक और मतलब जो निकल कर सामने आ रहा है वो यह है कि अमेरिका अब सिर्फ हवाई हमलों तक सीमित नहीं रहना चाहता बल्कि वो ईरान के खिलाफ जमीन पर उतर कर और समुद्री मोर्चे तीनों पर ही पूरी ताकत के साथ हमला करना चाहता है और इसलिए इस नए मिशन के तहत अमेरिका ने यूएसएस बॉक्सर, यूएसएस स्पोर्टलैंड और यूएसएस कॉमस्टॉक इन तीनों ही एयरक्राफ्ट कैरियर्स को मिडिल ईस्ट की ओर भेज दिया है।

इसके साथ ही इन तीनों जहाजो पर मिलाकर करीब 2500 मरीन कमांडोस तैनात है। जबकि कुल मिलाकर बात करें तो 4000 सैनिक और नाविक इस मिशन का हिस्सा है। इन जहाजों की सबसे बड़ी ताकत है इन पर तैनात अत्याधुनिक हथियार और फाइटर जेट्स और ऐसे एम्फीवियस वाहन मौजूद है जो सीधे समुद्र से जमीन पर उतर कर हमला करने की क्षमता रखते हैं। यानी कि जरूरत पड़ी तो अमेरिका जमीन पर उतर कर बड़े ऑपरेशन को शुरू कर



सकता है। जिसका इशारा पहले ही ट्रंप कई बार दे चुके हैं कि वह जमीन पर हमला करने में भी नहीं कतराएंगे और अब यह पूरा नया बेड़ा पहले से तैनात यूएसएस ट्राइपोली से जुड़ने वाला है। जिस पर पहले से ही 2200 से ज्यादा मरीन कमांडोस तैनात हैं। जब ये दोनों ताकतें एक साथ मिलकर उतरेंगी तो मिडिल ईस्ट में अमेरिका की सैन्य ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। इतना ही नहीं इन जहाजों पर रोलिंग एयरफ्रेम मिसाइल, सी स्पेरो मिसाइल, एवीएट ल है जेट्स और एस१ङ्क जैसे एडवांस एयरक्राफ्ट भी तैनात हैं। इसके साथ ही कई सारे अटैक हेलीकॉप्टर्स भी मौजूद हैं। जिनमें वाइपर और वेनम भी इस मिशन का हिस्सा हैं।

अमेरिका के इस कदम को सीधे तौर पर ईरान को चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। कुछ सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह तैनाती सिर्फ डिफेंस नहीं बल्कि ऑफेंसिव ऑपरेशन की तैयारी को दिखाता है। जहां अमेरिका और भी ज्यादा ताकत के साथ ईरान पर हमला करने का प्लान बना रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## ईरान का बड़ा तंज, अमेरिकी अहंकार का प्रतीक F-35 गिराया

**ईरान**

**ईरान** के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के दौरान अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान पर हमले के तेहरान के दावे के बाद अमेरिकी सैन्य शक्ति की आलोचना करते हुए व्यंग्यात्मक लहजा अपनाया। गालिबफ ने इस घटना को वाशिंगटन की कथित हवाई प्रभुत्व पर एक प्रतीकात्मक प्रहार और एक व्यवस्था का पतन बताया। विमान के क्षतिग्रस्त होने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए गालिबफ ने एफ-35 की अछूत विमान के रूप में प्रतिष्ठा का मजाक उड़ाया और इस घटना को एक निर्णायक मोड़ बताया। एफ-35 महज एक लड़ाकू विमान नहीं था, बल्कि अमेरिकी सेना की अजेयता और अहंकार का प्रतीक था। एक धार्मिक प्रतीक जो किसी की नजर से ओझल और किसी भी शक्ति से श्रेष्ठ होने का दावा करता था; लेकिन ईश्वर का हाथ उनके हाथों से ऊपर है। इस प्रतीक पर दुनिया में पहली बार प्रहार किया गया और यही एक व्यवस्था के पतन का क्षण था।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के उस दावे के बाद उनकी यह टिप्पणी आई है कि गुरुवार तड़के मध्य ईरान के ऊपर एक लड़ाकू अभियान के दौरान उसके वायु रक्षा तंत्र ने एक उन्नत स्टील्थ जेट को निशाना बनाया और उसे "गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त" कर दिया। आईआरजीसी के अनुसार, यह हमला स्थानीय समयानुसार लगभग 2:50 बजे हुआ,




और हालांकि विमान का सटीक हाल अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन उसने दुर्घटना की प्रबल संभावना जताई है। ईरान के सरकारी मीडिया ने एक फुटेज प्रसारित किया है जिसमें कथित तौर पर टक्कर का क्षण दिखाया गया है, जिसमें चमकती रोशनी, धुएं के निशान और विमान का हवा में ही मुड़ जाना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। यदि ये दावे सत्यापित होते हैं, तो यह युद्ध में एफ-35 को सफलतापूर्वक निशाना बनाए जाने का पहला ज्ञात मामला होगा, जो अमेरिकी हवाई श्रेष्ठता के आधार स्तंभ के रूप में इस विमान की भूमिका को देखते हुए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। अमेरिका ने स्वीकार किया है कि एक एफ-35 इस घटना में शामिल था और पुष्टि की है कि विमान ने क्षेत्र के एक सैन्य अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की। अधिकारियों ने कहा कि पायलट सुरक्षित है और मामले की जांच चल रही है। हालांकि, वाशिंगटन ने नुकसान की सीमा को कम करके बताया है और विमान को मार गिराए जाने की पुष्टि नहीं की है। यह घटना ईरान और अमेरिकी-इजरायली सेनाओं के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच घटी है, जिसमें दोनों पक्ष सैन्य और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। हालांकि अमेरिका का दावा है कि ईरानी हवाई रक्षा प्रणाली को काफी हद तक निष्क्रिय कर दिया गया था, लेकिन इस कथित हमले से तेहरान की प्रणालियों की मजबूती और प्रभावशीलता पर सवाल उठते हैं। गालिबफ की टिप्पणियां तेहरान द्वारा प्रचारित एक व्यापक दृष्टिकोण को भी दर्शाती हैं - कि संघर्ष में शक्ति संतुलन बदल रहा है। इस घटना को "एक व्यवस्था का पतन" के रूप में प्रस्तुत करना, ईरान द्वारा इस घटना को दिए जा रहे राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक महत्व को रेखांकित करता है, जो इसके तात्कालिक सैन्य प्रभाव से कहीं अधिक है।